
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com





आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक    संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-11 अंक-39    प्रयागराज, रविवार 25 सितम्बर 2022 से शनिवार 01 अक्टूबर 2022 तक    पृष्ठ- 8    मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाः नेहा कक्कड़ के 'मैंने पायल है छनकाई' रीमिक्स पर फाल्गुनी पाठक को आया गुस्सा...8)

## संक्षिप्त समाचार

### नारायण मूर्ति ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**अहमदाबाद।** आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी इंफोसिस के सह-संस्थापक एन आर नारायण मूर्ति ने पूर्व की यूपीए सरकार पर जमकर निशाना साधा है। नारायण मूर्ति ने अफसोस जताया कि मनमोहन सरकार के दौरान कि भारत में आर्थिक गतिविधियां ठप पड़ी गई थीं। साथ ही उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार ने कई जरूरी फैसले समय पर नहीं लिए थे। नारायणमूर्ति ने ये बात अहमदाबाद



के छात्रों के साथ एक कार्यक्रम में कही। इस दौरान मूर्ति ने छात्रों से विश्वास व्यक्त किया कि आज का युवा दिमाग भारत को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन का एक योग्य प्रतियोगी बना सकता है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार नारायणमूर्ति ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मैं लंदन में (2008 और 2012 के बीच) एचएसबीसी के बोर्ड में था। पहले कुछ सालों में जब बोर्डरूम (बैठकों के दौरान) में चीन का दो से तीन बार उल्लेख किया गया, तो भारत का नाम एक बार आता था।

## पीएम ने मंडी में युवा विजय संकल्प रैली को किया संबोधित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हिमाचल के मंडी में युवा विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, हिमाचल की युवा शक्ति ने हमेशा अलग-अलग मोर्चों पर देश को गौरवान्वित होने का अवसर दिया है। आज़ादी के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर पर हुए हमले से लेकर कारगिल युद्ध तक हिमाचल के जांबाजों ने सर्वोच्च बलिदान देकर मां भारती का सर उंचा रखा है। वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा के 17वें दिन की शुरुआत त्रिशूर जिले के पेरम्बरा जंक्शन से की। वहीं, मोदी सरकार ने आने वाले कुछ दिनों में संसद की स्थायी समितियों में भी बड़े बदलाव करने का फैसला लिया है। नए पुनर्गठन से प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस को बड़ा नुकसान हो सकता है। वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस जल्द ही राज्यसभा में गृह मंत्रालय की स्थायी समिति की अध्यक्षता और लोकसभा में संचार और सूचना तकनीकी मंत्रालय की स्थायी समिति की अध्यक्षता खोने वाली है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने आज कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कैंपेन के जरिए कांग्रेस गंदी राजनीति कर रही है। बोम्मई ने कहा कि कांग्रेस को अगर कोई परेशानी है तो वो सीधे बात करे, इससे उसका नैतिक पतन दिखाई दे रहा है। ब्रिटेन के लीसेस्टर में हिंदुओं के खिलाफ हुई हिंसा के खिलाफ आज दिल्ली में ब्रिटिश दूतावास के सामने विहिप ने प्रदर्शन किया। विहिप प्रमुख आलोक कुमार




ने ब्रिटेन में एक संसद सदस्य ने कहा कि विश्व शांति के लिए ब्रिटेन को इस्लामी आतंकवादियों की ओर झुकाव बंद करना होगा। अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में भाजपा ने मुख्य आरोपी पुलकित आर्य के पिता और भाई विनोद आर्य और अंकित आर्य को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया।

## बसवराज बोम्मई ने कांग्रेस को बताया घोटालेबाज, कहा- भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक अधिकारी नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए, कहा कि कांग्रेस ने हर कदम पर घोटाला किया है और उसके पास भ्रष्टाचार पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। कर्नाटक विधानमंडल के 10 दिवसीय संयुक्त सत्र के समापन पर मीडियाकर्मियों से उन्होंने कहा, के आरोपों पर डिटेल्स में जवाब दिया गया है। कांग्रेस को लगता है कि एक बात को बार-बार दोहराने से सच हो जाएगा लेकिन वह समय चला गया है। लोगों को पता है कि क्या सच है। ठेकेदार संघ ने एक साल पहले एक पत्र लिखा था, जिसमें शिकायत के साथ सबूत भी दिया जाना चाहिए। बोम्मई ने कहा कि राज्य विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष केआर रमेश कुमार और अन्य ने कहा है कि कई घोटाले



'भाजपा ने कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार पर एक पुस्तक का विमोचन किया था और कांग्रेस भ्रष्ट होने के बाद भी भ्रष्टाचार पर अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है और बिना किसी सबूत के बात करने का रवैया ज्यादा दिन नहीं चलेगा। बोम्मई ने कहा कि ठेकेदार संघ द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार हुए और कांग्रेस नेताओं ने खुद इसके बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दो पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यालय में भ्रष्टाचार की बात कही थी और वही न्यूज चैनलों में दिखाया गया था। लेकिन इसपर कांग्रेस नेताओं ने जवाब नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहस के दौरान उनके पास जो भी जानकारी और सबूत है, उन्हें सामने लाना चाहिए।

## आप पार्टी सही समय पर गुजरात के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की करेगी घोषणा- मनीष सिसोदिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मेहसाणा (गुजरात)।** दिल्ली मॉडल के दम पर पंजाब में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने वाली आम आदमी पार्टी की निगाह अब गुजरात की सत्ता पर टिकी हुई हैं। गुजरात में भी आम आदमी पार्टी दिल्ली मॉडल के दम पर बीजेपी के शासन को चुनौती दे रही है। पार्टी नेता और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि आप उचित समय पर अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम की घोषणा करेगी। मनीष सिसोदिया उत्तरी गुजरात में पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं। शुक्रवार रात उंझा कस्बे में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद सिसोदिया ने मीडियाकर्मियों से कहा कि पार्टी उचित समय पर सीएम उम्मीदवार की घोषणा करेगी गुजरात के उंझा में जनसभा को संबोधित करने के पहले मनीष सिसोदिया ने कुलदेवी उमिया माता के दर्शन किए, उन्होंने ट्वीट किया 'उंझा में 1800 वर्ष पुराने, विश्वविख्यात उमिया माताजी मंदिर में कुलदेवी उमिया माता के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। उमिया देवी मां की कृपा सदैव गुजरात के लोगो पर बनी रहे। इस बार माता के आशीर्वाद से हर व्यक्ति तक शिक्षा,स्वास्थ्य,रोजगार व सम्मान



पहुंचाने का हमारा संकल्प जरूर सफल होगा'सीएम उम्मीदवार कर्नल अजय कोठियाल के बीजेपी में शामिल होने के बाद पार्टी अपने सीएम उम्मीदवार के नाम की घोषणा करने की जल्दी में नहीं है। जनता को संबोधित करते हुए, सिसोदिया ने कहा, 'हमें गुजरात के लोगों की सेवा करने के लिए नेता होने की जरूरत नहीं है, हमें सरकारी स्कूलों के मानक और गुणवत्ता में सुधार करने की जरूरत है, यह निजी स्कूलों के बराबर होना चाहिए। आप दिल्ली में अपने काम के लिए जानी जाती है।

## आतंकी गुटों में शामिल होने के लिए युवाओं को उकसा रहा पीएफ,आई ने जारी की रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भंडाफोड़ करने वाली की कार्रवाई को 'आपरेशन आक्टोपस' नाम दिया गया। इसके तह 22 सितंबर को ने 11 राज्यों में के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी।



इस दौरान 106 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। यह छापेमारी व राज्य पुलिस की संयुक्त कार्रवाई थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में अपनी रिपोर्ट जारी की जिसमें दावा किया है कि इस्लामिक आतंकी संगठन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया के देशभर में फैले आफिस पर छापेमारी की गई। इस दौरान जब्त कागजातों से आपत्तिजनक सामग्री मिली है। की विशेष अदालत के समक्ष पेश की गई रिमांड रिपोर्ट में 10 लोगों की हिरासत की मांग की गई है। एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया कि कट्टर इस्लामिक संगठन ने युवाओं को आतंकी गुट में शामिल होने के लिए भड़काया। इन आतंकी गुटों में लश्कर-ए-तैयबा और इस्लामिक स्टेट आफ इराक एंड सीरिया भी शामिल हैं ने कहा है कि के परिसरों में छापेमारी को आपरेशन आक्टोपस नाम दिया गया था जिसमें कुल 300 अधिकारी शामिल थे। इन्हें छापेमारी के दौरान शांत रहने को कहा गया था। इस आपरेशन में के 100 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया था और करीब 200 को हिरासत में लिया गया था के अनुसार इझघ् के सदस्य देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त थेंं द्वारा दर्ज किए गए पांच मामलों के बाद यह कार्रवाई की गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ये सभी टेरर फंडिंग, युवाओं के लिए ट्रेनिंग कैंप और लोगों के बीच कट्टरता फैलाने का काम हो रहा हैं। जांच एजेंसी ने कहा कि कालेज प्रोफेसर का हाथ काटने जैसा आपराधिक हिंसक कार्रवाइयों को इझघ् द्वारा अंजाम दिया जाता रहा है। महाराष्ट्र में इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट ने अलर्ट जारी किया था जिसके मुताबिक पापुलर फ्रंट आफ इंडिया एक ट्रेनिंग प्रोग्राम चल रहा है। जिसके लिए औरंगाबाद और जालना में इस संगठन में सदस्यों की भर्ती की जा रही है इस छापेमारी के दौरान सबसे अधिक गिरफ्तारियां केरल में की गई। यहां 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया वहीं महाराष्ट्र और कर्नाटक में 20-20, तमिलनाडु में 10, असम में 9, उत्तर प्रदेश में 8, आंध्र प्रदेश में 5, मध्य प्रदेश में 4, पुडुचेरी और दिल्ली में तीन-तीन और राजस्थान में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## श्रीलंका के उच्चायुक्त ने अजीत डोभाल से की मुलाकात, वर्तमान स्थिति पर चर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत में श्रीलंका के उच्चायुक्त मिलिंडा मोरागोडा ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। दोनों के बीच भारत-श्रीलंका संबंधों पर चर्चा हुई और स्थिति की समीक्षा की गई। हालांकि यह मुलाकात भारत और श्रीलंका के उच्चायुक्त ने ट्वीट किया, ' दोनों देशों के बीच नियमित और चल रही बातचीत के हिस्से के रूप में उच्चायुक्त मिलिंडा मोरागोडा ने आज भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की।' बता दें कि इस वर्ष के शुरुआत से ही श्रीलंका को आर्थिक संकट का सामना करना वर्ष श्रीलंका के लोगों के लिए लगभग 4 अरब अमेरिकी डालर की द्विपक्षीय सहायता प्रदान की है। भारत ने श्रीलंका को कर्ज से बचाए रखने के लिए, हर संभव तरीके से अपना समर्थन दिया। खास कर भारत ने कोलंबो में प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में लंबे समय तक के निवेश को बढ़ावा देकर इसकी शुरुआती की



बीच एक नियमित और चल रही बातचीत के हिस्से के रूप में हुई है। श्रीलंकाई उच्चायुक्त ने कहा कि यह चर्चा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों की स्थिति की व्यापक समीक्षा पर केंद्रित थी। भारत में श्रीलंकाई पड़ रहा है। श्रीलंका खाद्य और इंधन संकट से जूझ रहा है। लोगों को बड़ी संख्या में आवश्यक चीजों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। कोविड19 महामारी की शुरुआत के बाद से ही अर्थव्यवस्था गिरी हुई है। भारत ने इस है। श्रीलंकाई उच्चायुक्त ने कहा, 'हमने और श्रीलंका सरकार के बीच एक कर्मचारी स्तर के समझौते के निष्कर्ष को नोट किया है। हम हर संभव तरीकों से श्रीलंका का समर्थन करना जारी रखते हैं।

## यूएनजीए में भारत का पाकिस्तान को करारा जवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पाक पीएम शहबाज शरीफ ने बीते दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77 वें सत्र में भारत के खिलाफ एक बार फिर झूठ फैलाने की कोशिश की। शहबाज शरीफ ने भारत में अल्पसंख्यकों और कश्मीर के मुद्दे को उठाया तो भारत ने भी मिजिटो विनिटो ने कहा कि यह खेदजनक है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए इस सम्मानित सभा का मंच चुना है। उन्होंने अपने ही देश में कुकर्मी को छिपाने और भारत के खिलाफ कार्रवाई को सही ठहराने के लिए




उन्हें करारा जवाब दिया। भारत ने जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए उनके देश में फैले आतंकवाद को याद दिलाया। भारतीय राजनयिक मिजिटो विनिटो ने कहा कि पाकिस्तान एक तरफ आतंक को बढ़ावा देता है और दूसरी तरफ शांति की बात करता है भारतीय राजनयिक ऐसा किया है जिसे दुनिया कभी स्वीकार नहीं सकती विनीतो ने आगे कहा एक देश जो अपने पड़ोसियों के साथ शांति चाहने का दावा करता है, वह कभी भी सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करेगा। न ही वह भयानक मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के योजनाकारों को आश्रय देगा।

## भारतीयों के खिलाफ हिंसा रोकने में असफल कनाडा से भारत नाराज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कनाडा में रहने वाले भारतीय नागरिकों और छात्रों पर लगातार हो रहे हमलों और भारत



विरोधी गतिविधियों को रोकने में नाकामी पर भारत ने सख्त नाराजगी जताई है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को विस्तृत एडवाइजरी जारी करते हुए भारतीय नागरिकों और छात्रों को सतर्क रहने की सलाह दी। एडवायजरी में कहा गया है कि भारतीयों के खिलाफ नफरती अपराध, नस्लीय हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों में बढ़ोतरी के बारे में कनाडा के अधिकारियों को लगातार बताए जाने के बावजूद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि कनाडा में राजनीतिक वजहों से भारत विरोधी हिंसा पर लगाम नहीं लग पा रहा है। उन्होंने तथाकथित खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह कराने की चल रही कार्रवाई को भी बहुत ही आपत्तिजनक और कट्टरवादी व अतिवादी तत्वों की तरफ से किया जाने वाला कदम करार दिया था। बता दें कि कनाडा के कुछ इलाकों में खालिस्तान और पाकिस्तान समर्थकों द्वारा भारतीयों को निशाना बनाकर हिंसक प्रदर्शन करने की घटनाएं सामने आई हैं। विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले ही कनाडा में भारत विरोधी हिंसा को लेकर गहरा क्षोभ जताया था। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एडवायजरी में कहा गया है कि भारतीय उच्चायोग व महावाणिज्य दूतावास ने कनाडा के अधिकारियों को आग्रह किया है कि हसक गतिविधियों व अपराधों की जांच करवाई जाए और दोषियों को कानूनी सजा दी जाए लेकिन अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। इन वजहों से कनाडा में रहने वाले भारतीय व भारतीय छात्रों और वहां जाने वाले भारतीय छात्रों को सर्तक रहने को कहा गया है।

## अशोक गहलोत और शशि थरूर, इन दोनों में से कौन है राजनीति का बड़ा 'जादूगर'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत आज से हो गई है, जो 30 सितंबर तक चलेगी। मुख्य मुकाबला




राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर के बीच माना जा रहा है। आइए जानते हैं कि अध्यक्ष पद की रेस में किसका दावा कितना मजबूत है राजस्थान के तीन बार सीएम रहे अशोक गहलोत का दावा ज्यादा मजबूत नजर आ रहा है। उन्हें गांधी परिवार का करीबी भी माना जाता है। केसी वेणुगोपाल से पहले गहलोत ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव थे। उन्हें राजनीति में करीब 50 साल का अनुभव है। वे पांच बार सांसद भी रह चुके हैं। इसके अलावा, वे इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और पीवी नरसिंहा राव की सरकार में मंत्री भी रहे। अशोक गहलोत ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस के स्टूडेंट विंग एनएसयूआई से की, जिसके वे बाद में अध्यक्ष भी बने। इसके साथ ही, उन्होंने राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी संभाली। गहलोत के पास संगठन को चलाने का अनुभव ज्यादा है। वे कई राज्यों के प्रभारी भी रहे। उन्हें सोनिया गांधी का करीबी माना जाता है। उन पर राहुल गांधी भी भरोसा करते हैं।

## कपिल सिब्बल ने केंद्र पर लगाया आरोप कहा- हम लगातार डर के साये के में जी रहे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को केंद्र पर परोक्ष हमला करते हुए आरोप लगाया कि लोग जांच एजेंसियों, सत्ता और पुलिस के डर के साये में जी रहे हैं। 'धर्म का एक हथियार के रूप में इस्तेमाल' के बारे में बात करते हुए, राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने कहा कि भले ही यह पूरी दुनिया में हो रहा हो, 'भारत धर्म के इस्तेमाल का एक ज्वलंत उदाहरण है।' सिब्बल ने कहा, 'यह पूरी दुनिया में हो रहा है। कल लेस्टर में जो घटना हुई वह पूरी तरह से असहिष्णुता थी। हम सभी जानते हैं कि वहां क्या हुआ था। अब वहां भी ये चीजें पहुंच गई हैं। असली समस्या यह है कि आज भारत में नफ़रत फैलाने वाले भाषण देने में जो शामिल हैं, वे एक खास विचारधारा का हिस्सा हैं। पुलिस कुछ




भी करने को तैयार नहीं है।' पूर्व कैबिनेट मंत्री कपिल सिब्बल ने कहा 'रूपा पब्लिकेशन' द्वारा प्रकाशित अपनी पुस्तक 'रिफ्लेक्शंसः इन राइम एंड रिदम' के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों पर मुकदमा नहीं चलाया जाता है और इसलिए वे उसी तरह का एक और भाषण देने के लिए प्रोत्साहित होते हैं।'पूरी आबादी डरती है और वे मानसिक रूप से गुलाम हो जाती हैं। वे क्या कर सकते हैं? इसलिए वे डरते हैं। हम लगातार डर में जी रहे हैं। हम ईडी से डरते हैं, हम सीबीआई से डरते हैं, हम राज्य से डरते हैं, हम पुलिसकर्मियों से डरते हैं, हम डरते हैं हर कोई। हमें अब किसी पर भरोसा नहीं है।74 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता ने न्यायपालिका की भी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि गरीब व्यक्ति अदालत में नहीं आ सकता क्योंकि उसके पास 'वकीलों को देने के लिए पैसे नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली में लोगों का विश्वास कम हो रहा है।

आधुनिक समाचार
हिन्दी साप्ताहिक



# प्रयागराज में छेड़खानी मामले में फरार आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** गंगापार के मऊआइमा में एक युवती से उसके मंगेतर के सामने छेड़छाड़ और उसकी बीडि़यो बनाने के मामले में फरार आरोपी शनिवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। उसको इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। घटना से सम्बंधित वीडियो सोशल पुलिसकर्मियों द्वारा आत्मरक्षा के लिए चलायी गयी गोली से वह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार आरोपी ने युवती से छेड़छाड़ तब शुरू की थी जब वह अपने मंगेतर से मिल रही थी। तभी दबंगों ने दोनो को एक साथ पकड़ लिया।सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक मिनट नौ सेंकड के वीडियो में आरोपी अपने साथी से घटना की वीडियो बनाने की बात कहता रहता है। फोन पर वीडियो



मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आयी थी। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान कैफ़ पुत्र राज़ीउद्दीन निवासी सीसई पीपह गांव, मऊआइमा के रूप में हुई है। आज सुबह ही गिरफ्तार व लिए गठित स्पेशल टीम को जानकारी मिली थी की आरोपी कहीं भागने की फि़राक़ में है। पुलिस टीम के बन का पूरा पुलिया में पहुँचते ही उसने फ़ायरिंग शुरू की जिसके बाद बना रहा दबंग का साथी युवक को बार-बार पैर छोड़ने और चेहरा दिखाने की बात करता है। आरोपी के पैर पकड़ा मंगेतर युवती को छोड़ने के लिए लगातार रोता रहता है।वहीं युवती कह रही है कि अपने पापा से बात करा देती हूं। इससे मेरी सगाई हुई है।उधर मंगेतर के पैर नही छोड़ने पर दबंग उसे मारने की धमकी देते हैं। इसी बीच दबंग युवती से दुष्कर्म करने का प्रयास करते हैं।

# सांसद विनोद सोनकर के पिता की तेरहवीं में शामिल होंगे सीएम योगी

## इलाके में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से शनिवार शाम चार बजे स्टेट प्लेन से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। बमरौली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीएम योगी कार से कौशांबी के सांसद विनोद सोनकर के आवास पहुंचेंगे, जहां उनके पिता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सांसद विनोद सोनकर का आवास शहर के प्रीतमनगर कालोनी में है। यहां के दुर्गा पूजा पार्क में आयोजित भोज समारोह में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। वह लगभग एक घंटे बाद स्टेट प्लेन से ही लखनऊ लौट जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े प्रबंध किए गए हैं। एडीजी प्रेमप्रकाश, आइजी राकेश कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश पांडेय समेत कई अफसरों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, डीएम संजय कुमार खत्री ने भी मौके पर हैं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।



# चोरी की 02 मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सीतापुर।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षकगण को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देश के क्रम में थाना रेउसा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त रजनीश उर्फ अनिकेत तिवारी पुत्र शिवकुमार निवासी जमौली थाना रेउसा सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से चोरी की 02 अदद मोटर साइकिल ळझ् 32 ई 2345 सुपर स्प्लेन्डर बाईक बरामद हुई जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0 362/22 धारा 379 भा0द0वि0 थाना रेउसा जनपद सीतापुर पंजीकृत किया गया है। व 30 3754 हीरो स्प्लेन्डर बाईक बापू के भट्टे के पीछे लगे गनने के खेत से बरामद हुई,जिसके सम्बन्ध में पूर्व में थाना दुबग्गा जनपद लखनऊ में मु0अ0स0 167/22 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है,जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।




# डेंगू की जांच के लिए शंकरघाट पहुंची मेडिकल टीम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** हाल के दिनों में तेलिरयरगंज के शंकरघाट में डेंगू के कई मरीजों के मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम शनिवार को इस क्षेत्र में पहुंची। विभाग ने आठ टीमों को घर-घर जाकर जांच करने के लिए कहा है। जहां भी बुखार के मरीज मिलेंगे वहां पर दवाओं का वितरण किया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एके सिंह ने बताया कि जिले में डेंगू के 106 मरीजों के मिलने के बाद अलग-अलग इलाकों में मुहिम चलाई जा रही है। अधिक प्रभावित सुलेमसराय, ट्रांसपोर्टनगर, तेलियरगंज आदि इलाकों में दवा का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाका मऊ सरैया में मौजूदा समय में स्थिति नियंत्रण में है।




# महापौर अभिलाषा सम्मेलन में भाग लेने अहमदाबाद रवाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से अहमदाबाद में 20 व 21 सितंबर को आयोजित अखिल भारतीय मेयर सम्मेलन की बैठक में महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी भाग लेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करेंगे। केंद्रीय आवास व शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी भाग लेंगे। सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रयागराज के अलावा कानपुर, लखनऊ, झांसी, वाराणसी, अयोध्या आदि शहरों के महापौर भी अहमदाबाद जाएंगे। प्रयागराज की महापौर सोमवार सुबह अहमदाबाद के लिए वाराणसी रवाना हुई। वाराणसी से फ्लाइट से अहमदाबाद जाएंगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी महापौरों को 19 सितंबर शाम तक अहमदाबाद पहुंचने का निर्देश दिया था।



# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र ने आत्मदाह का किया प्रयास



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि को लेकर छात्रों का आंदोलन अब आत्मघाती रूप लेने लगा है। इस आंदोलन में शामिल छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में एक छात्र ने आज सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया। आदर्श भदोरिया नामक इस छात्र ने खुद पर मिट्टी का तेल छिड़क लिया। इससे छात्र संघ परिसर में अफरातफरी की स्थिति बन गई। पुलिस ने मिट्टी का तेल छिड़क चुके आदर्श भदौरिया को किसी तरह से पकड़ा और आग लगाने से रोका।

# निक्षय मित्रों ने थामा टीबी मरीजों का हांथ, रख रहे ख्याल पोषण का

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज 19 सितंबर 2022 : भारत सरकार का लक्ष्य देश को वर्ष 2025 तक क्षय रोग यानि




टीबी से मुक्त बनाना है। क्षय रोग विभाग इसके लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुरू किए गए स्वैच्छिक कार्यक्रम निक्षय मित्र की मुहिम कारगर साबित हो रही है। अब टीबी मरीजों को गोद लेने वाले लोग व संस्थाओं को निक्षय मित्र के तौर पर जाना जाएगा। क्षय रोग विभाग इनका नाम निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत कर रहा है। अब तक पोर्टल पर 18 निक्षय मित्र पंजीकृत किए जा चुके हैं। इन निक्षय मित्र को राज्यपाल सम्मानित करेंगी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एके तिवारी ने बताया कि जनपद में इस समय 8,702 टीबी मरीज हैं। इनमें से 3400 टीबी मरीजों को गोद लिए जाने का लक्ष्य तय हुआ है। अब तक 2575 टीबी मरीजों को निक्षय मित्र गोद ले चुके हैं। एनटीपीसी मेजा ने 100 टीबी मरीजो को गोद लिया है। वहीं पीडबल्यूडी ने 100, यूपीपीसीएल निर्माण इकाई ने 50, इफ़्को फूलपुर 100, ड्रग इंस्पेक्टर 100, एलएनटी 50, एनटीपीसी बारा ने 100, यूपी सेडको ने 50 व अन्य निक्षय मित्र जन प्रतिनिधि, राजनीतिक दल, कॉर्पोरेट, व गैर सरकारी संगठन, बैंक एवं निजी स्वास्थ्य महकमे के लोग व आम लोग हैं। विभाग निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज जारी रहने तक टीबी मरीजों के बैंक खाते में 500 रुपये प्रतिमाह भेजा रही है।

# सड़क पर खुलेआम गुंडागर्दी का वीडियो वायरल

## म्योराबाद चौराहे पर विवाद के बाद रिवाल्वर और डंडे निकले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** म्योराबाद चौराहे पर छोटी सी बात पर रिवाल्वर और लाठी डंडे निकल गए। सड़क पर खुलेआम तीन युवकों ने जमकर बवाल काटा। एक युवक हाथ में रिवाल्वर लेकर खुद का बचाव करता दिखा तो दो युवक हाथ में डंडे लेकर गाली गलौज करते रहे। दोनों युवक रिवाल्वर लिए युवक को मारने के लिए उसको पकड़ रहे थे और उसकी रिवाल्वर छीनना चाह रहे थे। इसमें एक युवक आर्मी का भी बताया जा रहा था। सड़क पर जाम जैसी स्थिति होने के बाद किसी तरह लोगों ने दोनों पक्षों को अलग किया और मामला शांत कराया। लोग इस पूरी घटना का वीडियो बनाते दिखे और यह इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल होने लगा। इसमें एक युवक जो खुद की बचाव के लिए लाइसेंसी रिवाल्वर भले ही हाथ में लिया था लेकिन उसने सूझबूझ दिखायी। दूसरे दो युवक हाथ में डंडा लेकर उसे गाली देते रहे और सड़क पर गिरा दिए फिर भी वह युवक रिवाल्वर का इस्तेमाल नहीं किया, न ही कोई फायरिंग की। दोनों युवकों उसके सामने खड़े होकर उसे ललकारते रहे 'चलाओ गोली, हिम्मत हो तो मारो गोली'। यहां तक कि उसका रिवाल्वर छीनने का भी प्रयास करते रहे। जहां पर यह घटना हुई वहां से कुछ कदम दूर पर ही बेली पुलिस चौकी थी लेकिन पुलिस को इस घटना की भनक तक नहीं हुई।



# लालगंज सम्पूर्ण समाधान दिवस में 185 में 10 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित



गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में आयोजित किया गया। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतें पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सुना।सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्रमबद्ध तरीके से फरियादियों की शिकायतों को सुना गया एवं यथाशीघ्र शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। लालगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 185 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 10 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 185 शिकायतों में से 70 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 50, विकास विभाग से 30, समाज कल्याण से 10, शिक्षा विभाग से 05 एवं 20 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुये प्रकरणों का यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये।उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाये ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों के शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अन्दर उनका निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने उपस्थित अधिकारियां से कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसलिये सभी अधिकारीगण अपने-अपने दायित्वों को समझे और उसका शत् प्रतिशत निर्वहन करें जिससे आमजन मानस की समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी लालगंज सौम्य मिश्र सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। जनपद प्रयागराज में शैलेष आईपीएस द्वारा तहसील सोरांव में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनता की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।





# भदोही में याकूबपुर के पंचायत सहायक की हत्या कर शव नदी में फेंका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**भदोही।** भदोही में याकूबपुर के पंचायत सहायक की हत्या कर शव नदी में फेंका, ग्राम प्रधान सहित चार के खिलाफ एफआइआर दर्ज याकूबपुर के पंचायत सहायक शशिकांत(25) की हत्या कर शव को रस्सी से बांध कर तुलसीचक गांव के पास वरुणा नदी में फेंक दिया। रविवार को दोपहर बाद नदी में शव मिलने से क्षेत्र में रविवार को सुबह 5.30 बजे वह वाराणसी जाने के लिए घर से निकला था। दोपहर बाद एक शव तुलसीचक गांव के पास वरुणा नदी उतराया मिला। आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। देखते ही देखते घटना स्थल पर बड़ी संख्या में गांव के लोगों की भीड़ गई। उसका हाथ- पैर बंधा था तथा चेहरे पर चोट के निशान थे पहचान



सनसनी फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गईपिता शिवकुमार की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। इसमें तीन आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना का कारण चुनावी रंजिश बताई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने घटना स्थल का जायजा लिया। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस की तैनाती कर दी गई है। भदोही के याकूबपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य माला देवी का पुत्र शशिकांत गांव में ही पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत था। होते ही गांव के लोगों इसकी जानकारी तत्काल मृतक शशिकांत के परिवार को दी। परिवार के लोग भी एक बारगी घटना को लेकर विश्वास नहीं कर रहे थे। उनका कहना था कि शशिकांत वाराणसी के लिए निकला है। वह जब घटना स्थल पर पहुंचे तो शव देख अवाक रह गए। आरोप लगाया कि चुनावी रंजिश में उसके बेटे की हत्या कर दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# निजी अस्पताल में दो प्रसूताओं की बिगड़ी हालत, दोनों की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देवरिया।** सलेमपुर उपनगर के निजी अस्पताल में रविवार की रात आपरेशन से प्रसव के दौरान दो महिलाओं की हालत बिगड़ गई। गोरखपुर में इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई। घटना बताते हुए देवरिया रेफर कर दिया। आरोप है कि गांव की आशा कार्यकर्ता ने देवरिया ले जाने की बजाय उपनगर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। रविवार की रात करीब दस बजे आपरेशन के दौरान आरोप है कि डाक्टर ने गुमराह कर अस्पताल में भर्ती रखा। जब हालत खराब हुई तो गोरखपुर के निजी अस्पताल भेज दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई। दोनों शव को लेकर स्वजन कोतवाली पहुंचे।



से नाराज स्वजन दोनों मृतकों का शव लेकर कोतवाली पहुंच गए व हंगामा किया। निजी अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए। पुलिसकर्मियों के कार्रवाई के आश्वासन पर शांत हुए। जानकारी के मुताबिक, मईल थाना क्षेत्र के करौता गांव निवासी सर्वजीत उर्फ राणा की पत्नी 24 वर्षीया रिंकू देवी को रविवार की रात में प्रसव पीड़ा शुरू हुई। स्वजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर ले गए। डाक्टर ने प्रसूता को गंभीर प्रसूता ने बच्चा को जन्म दिया। सोमवार की सुबह अचानक महिला की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल के कर्मचारियों ने अपने वाहन से गोरखपुर के एक निजी अस्पताल भेज दिया। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। स्वजन देर रात शव को लेकर कोतवाली पहुंच गए।वहीं लार थाना क्षेत्र के धकपुरा गांव निवासी छोटू की पतनी 25 वर्षीया संध्या देवी का रविवार की सुबह प्रसव पीड़ा होने पर स्वजन ने उपनगर के इसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां आपरेशन के दौरान बच्ची पैदा हुई। गुमराह करने का आरोप स्वजन का गेट पर शव रखकर हंगामा किया। पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज की मांग की। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि दोनों शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं, सीएमओ डा.राजेश झा के सीयूजी मोबाइल पर रात 9.40 बजे कई बार काल किया गया, लेकिन मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। एसीएमओ डा.राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मौके पर सलेमपुर सीएचसी के अधीक्षक को मौके पर भेजा जा रहा है।

# भाजपा अनुसूचित मोर्चा का जिलामहामंत्री बनीं रंजना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जसरा।** प्रयागराज क्षेत्र के रेरा रोड स्थित गंगाधर पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में अनुसूचित मोर्चा की जिलामहामंत्री रंजना भारती को बनाया गया। इस मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजमणि पासवान एवम जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती ने पदभार ग्रहण कराया। कहा कि महिला युवा शक्ति से ही सशक्त भारत का निर्माण हो सकता है। साथ मे सीमा गौतम, विमला देवी, संगीता देवी, कमलेश कुमार सोनी, कंचन देवी, सरोज देवी ने सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी के लिए ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रदेश सह कोषाध्यक्ष मनोज पासी, विद्यालय संरक्षक दशरथ लाल भारती, सुरेन्द्र सोनकर मंडल अध्यक्ष जसरा, चंद्रशेखर भारती, मनोज भारती, दिलीप पासवान, राकेश आदिवासी, सुरेश आदिवासी, सुरेश सोनकर, आशीष सोनकर, विकास भारती, बृजेन्द्र गौतम सहित विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# वाराणसी में लक्ष्मी कुंड पर सोरहिया मेले के बाद नमामि गंगे ने साफ सफाई कर मां लक्ष्मी की उतारी आरती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** काशी के पौराणिक कुंडों और तालाबों में बिखरी गंदगी से आध्यात्मिक आचमन योग्य भी जल न मिल पाने का आस्थावानों को अफसोस होता है। इसी कड़ी में सोमवार को सोरहिया मेले के बाद लक्ष्मी कुंड पर बिखरी गंदगी को नमामि गंगे ने साफ कर सामाजिक दायित्वों को निर्वहन किया। इस दौरान काशी के पौराणिक कुंडों-तालाबों-पोखरों-सरोवरों को संरक्षित करने की अपील करने के साथ ही मातृ नवमी पर नमामि गंगे ने आत्मनिर्भर भारत की कामना से माता लक्ष्मी की आरती उतारकर श्री समृद्धि की कामना की गई। काशी के पौराणिक कुंडों-तालाबों-पोखरों-सरोवरों के संरक्षण की अपील के साथ नमामि गंगे के सदस्यों ने जीवित्पुत्रिका व्रत सोरहिया मेले के बाद लक्ष्मी कुंड में इधर-उधर बिखरे निर्माल्य एवं सामग्रियों को बटोर कर नगर निगम की कूड़ा गाड़ी के हवाले किया। केमिकल युक्त मूर्तियों को कुंड से बाहर निकाला। जल संरक्षण के आग्रह के बीच लक्ष्मी कुंड के आसपास नगर निगम के कर्मचारियों के सहयोग से सफाई की। कुंड की सफाई के पूर्व सदस्यों ने नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में माता लक्ष्मी की आरती उतारी। महालक्ष्मी से खुशहाल, आत्मनिर्भर, आरोग्य और समृद्धि पूर्ण भारत की कामना की। संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि सनातनी संस्कृति के जन्म से लेकर मृत्यु तक के आयोजन पवित्र नदियों, कुंडों, तालाबों, पोखरों और सरोवर के किनारे होते हैं। हमारे जीवन में जल की महत्ता को समझ कर स्वच्छता की जिम्मेदारी का निर्वहन भी हमें स्वयं को करना होगा। पवित्र नदियों जलाशयों के किनारे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के बाद बचे हुए निर्माल्य व सामग्रियों को हम छोड़कर न जाएं जिससे कि इनके किनारे गंदगी का अंबार न लगे।



# क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में पूर्वनिर्धारित जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सैदपुर।** बृहस्पतिवार प्रातः 10 बजे से गोराबाजार स्थित जिला खेल कार्यालय पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविंद यादव के नेतृत्व में पूर्वनिर्धारित ज़िला स्तरीय बैठक आहूत की गई थी। उक्त बैठक में जिले के सभी खेल संघों की गतिविधियों व उनके आगामी योजनाओं के विषय मे जानकारियां प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त क्रीड़ा अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी खेल संघ वर्तमान सत्र के खेल कार्यक्रमों के कैलेंडर से जिला खेल कार्यालय को अवगत कराते हुवे अनुमति प्राप्त करें साथ ही किसी भी प्रकार की प्रतियोगिताओं से पूर्व सुरक्षा के दृष्टिगत स्थानीय प्रशासन को अवश्य सूचित करें। श्री यादव ने बताया कि यदि जनपद का कोई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता हो तो उसे एकलब्य क्रीड़ा कोष योजना का लाभ प्रदान करने हेतु खेल कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक सुदामा राम से संपर्क कर पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव अमित राय, जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, कबड्डी संघ के सचिव मुहम्मद अकरम, एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह, बॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव पी.एन. सिंह, फुटबाल संघ के शाहजहां खांन, बैडमिंटन संघ के सचिव संतोष कुमार वर्मा, हॉकि संघ के सचिव गयासुद्दीन अहमद और खोखो संघ के सचिव बिपिन बिहारी राय उपस्थित थें।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल **प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः 15 सितंबर 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

## सम्पादकीय

# ईरान में हिजाब विरोधी लहर का संदेश, सदियों पुराने इस्लामी कायदे आज की जरूरतों से तालमेल मिलाने में असमर्थ

अपने देश के सुप्रीम कोर्ट में हिजाब पर सुनवाई के बीच ईरान में शुरू हुआ हिजाब विरोधी आंदोलन सारी दुनिया का ध्यान खींच रहा है। मुस्लिम स्त्रियों के लिए हिजाब, बुर्का आदि इस्लाम के निर्देशों में शामिल हैं। इसीलिए ये संपूर्ण मुस्लिम जगत में मुस्लिम स्त्रियों की पहचान है। ईरान में चल रहा हिजाब विरोधी आंदोलन एक तरह से इस्लामी निर्देशों के विरुद्ध है। चूंकि इस्लाम एक अखंड मतवाद है, इसलिए उसकी एक भी मान्यता खारिज करने का मतलब है, संपूर्ण मतवाद पर चोट। यह वैज्ञानिक नियम भी है कि यदि किसी पुस्तक या वक्ता की एक बात भी गलत या अनुपयुक्त साबित हो जाए तो उसकी अन्य बातें भी संदिग्ध हो जाती हैं। इसीलिए दुनिया भर के मौलाना इस्लाम में सुधार को नामंजूर करते हैं, क्योंकि एक भी निर्देश छोड़ने का अर्थ है, इस्लामी निर्देशों को खारिज करने की सैद्धांतिक स्वीकृति। यदि हिजाब पर अल्लाह की बात अनुपयुक्त मान ली गई तो फिर काफिर, जिहाद, दारुल-हर्ब, बुतपरस्ती, संगीत-विरोध, चित्रकला-विरोध, जजिया, धिम्मी, दत्तक-मनाही जैसी धारणाओं और शरीयत के तमाम निर्देशों को भी व्यर्थ मानने में देर न लगेगी। सभी एक ही आधार पर टिके हुए हैं। दुनिया भर के अनुभव दिखाते हैं कि जहां भी मुसलमानों पर इस्लामी सत्ता का शासन नहीं, वहां अधिकांश मुसलमान इन बातों को अस्वीकार करते हैं-चुपचाप या बोलकर भी। साफ है कि तमाम इस्लामी निर्देश मुसलमानों पर भी जोर-जबरदस्ती ही लागू किए जाते हैं। अभी ईरान में इसी का विरोध हो रहा है। वहां लंबे समय से इस्लामी मतवाद को चुनौती मिलती रही है। 1979 में अयातुल्ला खुमैनी की इस्लामी क्रांति और फिर सारी दुनिया में मुस्लिम उग्रवाद के उभार में वह कुछ दब गया, लेकिन खत्म नहीं हुआ। अनेक शिक्षित ईरानी मानते हैं कि इस्लाम से उनके देश को कोई लाभ न हुआ। ईरानियों में इस्लाम-पूर्व के पारसी पंथ-जरथुस्त्र के प्रति एक सहज या गौरव भाव भी है। इसीलिए अयातुल्ला खुमैनी ने सत्ता में आकर उस पर चोट की थी। जरथुस्त्र पंथियों को प्रताडि़त किया गया। कुछ मारे गए, कइयों को जेल हुई और उनकी नौकरियां चली गईं। उन्हें बड़े सरकारी, सैनिक पदों पर रखना प्रतिबंधित कर दिया गया। इन्हीं कड़ाइयों से अनेक ईरानियों में अपनी प्राचीन सभ्यता के प्रति कौतूहल भी जगा। गोपनीय रूप से मूल पंथ में मतांतरण भी होते रहे ईरानी युवा पीढ़ी में एक अंतर्द्वंद्व चल रहा है। बड़ी संख्या में ईरानी युवा इस्लाम को अपना भविष्य नहीं मानते। वे एक बहुलवादी उदार समाज का सपना देख रहे हैं, जहां कोई वैचारिक, मजहबी दमन न हो। यह कोई अपवाद भावना भी नहीं है। ईरान के सर्वोच्च वर्ग भी इससे सहानुभूति रखते हैं। इसका एक प्रमाण ईरान के पूर्व राष्ट्रपति सैयद मुहम्मद खातमी ने दिया था। उन्होंने एक बार प्रशन उठाया था, 'क्या इस्लामी सभ्यता कभी एक बार उदित होकर कुछ सदी पहले अस्त नहीं हुई क्या किसी सभ्यता के अवसान का यह अर्थ नहीं होता कि अब हम उसकी शिक्षाओं के आधार पर अपने विचार तथा कर्म नहीं गढ़ सकते? क्या यह नियम हमारे इतिहास पर लागू नहीं होता?' सर्वोच्च पद से ऐसे प्रशन उठाना ही ईरान के चिंतन की पर्याप्त झलक देता है। यह सब खुमैनी की इस्लामी क्रांति के 20 वर्ष बाद कहा गया। इस वक्तव्य में उस क्रांति को व्यर्थ मानने की भी झलक है। खातमी ने सभ्यता और मजहब में अंतर माना था। उनके शब्दों में, 'यदि इस्लामी सभ्यता का सूरज डूब गया और ऐसा बड़ी-बड़ी उपलब्धियों के बावजूद हुआ तो भी इतना कहा जा सकता है कि मजहब के प्रति एक विशेष काल-अनुकूल दृष्टिकोण का अंत हुआ, स्वयं उसका अंत नहीं हुआ।' खातमी ने मानवीय स्वतंत्रता और मानवता से प्रेम की जरूरत भी बताई थी। ऐसी बातें इस्लामी आलिम, उलेमा मंजूर नहीं करते, जबकि आम हिंदू, बौद्ध या सेक्युलर व्यक्ति इन्हें खुशी-खुशी मानते हैं। खातमी ने लगभग साफ ही कहा था कि अब नई सभ्यता की तैयारी का समय है और इस्लामी मान्यताओं को छोड़ना पड़ेगा। हालांकि उन्होंने एक बार भी न कुरान और न ही पैगंबर का उल्लेख किया। न किसी बात के लिए उनकी अनुशंसा, उदाहरण देना जरूरी समझा, बल्कि इस्लामी शिक्षाओं को केवल 'तात्कालिक समाज के लिए' उपयुक्त कहकर उसे मनुष्य-निर्मित माना, न कि किसी सर्वज्ञानी अल्लाह की देन। राष्ट्रपति खातमी ईरानियों के बीच कोई अपवाद न थे। उनकी बातों पर कोई हंगामा नहीं हुआ। यह सब कहने के पांच वर्ष बाद तक वह राष्ट्रपति बने रहे। ईरान में इस समय जोर पकड़ रहे हिजाब विरोधी आंदोलन की इस्लामी मान्यता विरोधी भावना स्पष्ट है। हालांकि विश्व में जिहादी हिंसा की खबरों से लगता है कि इस्लामी मतवाद का दबदबा बढ़ रहा है, किंतु बात उलटी है। तुलनात्मक धर्म-दर्शन के विद्वान कूनराड एल्स्ट के अनुसार, यह दीये के बुझने से पहले की भभक है। मुसलमानों की संख्या भले बढ़ रही हो, किंतु अंदर ही अंदर मुसलमानों में इस्लामी मतवाद के खालीपन की समझ तेजी से बढ़ रही है। आज मनुष्य की सामान्य आर्थिक, तकनीकी, शैक्षिक, सांस्कृतिक स्थितियां और आवश्यकताएं इतनी बदल चुकी हैं कि सदियों पुराने इस्लामी कायदे उनके साथ ताल मिलाने में असमर्थ हैं। इसीलिए भारत समेत कई देशों में मुस्लिम युवक-युवतियां इस्लाम छोड़कर खुद को 'एक्स मुस्लिम' कह रहे हैं। सभी विकसित मुस्लिम देश किसी न किसी रूप में इस्लामी बंदिशों से निकलने का मार्ग तलाश रहे हैं। यदि एक भी मुस्लिम देश ने ऐसा कर लिया तो पूरे विश्व में कट्टर इस्लामी मान्यताओं का पराभव स्वतःस्फूर्त हो सकता है। ध्यान रहे तुर्की, जिसे अब तुर्किये कहा जाता है, में ऐसा हो चुका है। वहां के करिश्माई नेता मुस्तफा कमाल पाशा ने 1924 में खलीफा शासन व्यवस्था खत्म कर शरीयत, सूफियों, दरवेशों, मदरसों, अरबी लिपि और इस्लामी पहनावे तक को देश-निकाला दे दिया था।

# आखिर पाकिस्तान के एफ-16 से क्यों चिंतित है भारत, क्यों हो रही है राफेल से तुलना- एक्सपर्ट व्यू

इ-16 पाकिस्तान में एफ-16 वू इतू फि?र सुखिर्यों में है। इसकी बड़ी वजह यह है कि पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के उच्चीकरण के लिए 45 करोड़ डालर (3,651 करोड़ रुपये) की धनराशि स्वीकृत करने पर अमेरिका ने सफाई दी है। अमेरिका ने कहा है कि यह सहायता भारत को संदेश देने या चुनौती खड़ी करने के लिए नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान में अमेरिका के सहयोग के लिए पाकिस्तान को दी गई है। इससे पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की भी सुरक्षा होगी। भारत ने एफ-16 को लेकर अपनी सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही राफेल की तुलना एफ-16 से की जा रही है। आइए जानते हैं दोनों विमानों की तुलना। दोनों की क्षमताएं क्या है। 1- अदृश्यता के मामले में राफेल कहीं बेहतर साबित हुआ है। रडार से बचने के मामले में भारतीय वायु सेना के बेड़े में शामिल राफेल एफ-16 से कहीं ज्यादा बेहतर और उम्मदा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राफेल को इस मामले में 10 में से 9 रेटिंग मिली है, जबकि एफ-16 को 10 में ले 7.8 रेटिंग ही मिली है। 2- राफेल और एफ-16 दोनों लड़ाकू विमान हथियारों से लैस हैं। सवाल यह है कि किसके पास ज्यादा आधुनिक और ताकतवर हथियार हैं। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग के अनुसार देखा जाए, तो राफेल यहां भी एफ-16 से आगे है। राफेल को 10 में से 8.6 रेटिंग दी गई है, जबकि एफ-16 को 10 में से 7.9 रेटिंग मिली है। 3- भारतीय वायु सेना का राफेल करीब 60 हजार फीट प्रति मिनट की दर से ऊंचाई चढ़ सकता है, जबकि एफ-16 के ऊंचाई पर जाने का दर करीब 50 हजार फीट प्रति मिनट है। गति की बात की जाए तो राफेल करीब 2,223 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है, जबकि एफ-16 की गति करीब 2,414 किमी प्रति घंटा है।4- आकार और ताकत के मामले में राफेल, एफ-16 से बेहतर है। राफेल के डैनों की लंबाई 10.90 मीटर, जबकि एफ-16 की 9.96 मीटर है।



राफेल की लंबाई 15.30 मीटर और एफ-16 की 15.06 मीटर है। राफेल का कुल वजन 10 टन है, यह करीब 24.5 टन वजन के हथियार लेकर उड़ सकता है। वहीं, पाकिस्तान के एफ-16 का वजन 9.2 टन है। इसकी हथियार लेकर उड़ने की क्षमता महज 21.7 टन है। 5- रेंज यानी मारक क्षमता के मामले में भारतीय राफेल, एफ-16 से थोड़ा पीछे है। राफेल की रेंज करीब 3700 किमी है, जबकि एफ-16 की रेंज करीब 4220 किमी है। भारत का राफेल आधुनिक जेनरेशन का है। यह 4.5 जेनरेशन लड़ाकू विमान है। जबकि एफ-16 चौथी जेनरेशन का है। राफेल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम सेमी-स्टेल्थ लड़ाकू विमान है, जबकि पाकिस्तान के एफ-16 में यह सुविधा नहीं है। 1- रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों विमानों की अपनी-अपनी क्षमता है। दोनों की अलग-अलग खूबियां है। रक्षा मामलों के जानकार डा अभिषेक सिंह का कहना है कि विमान का दम और ताकत इसे उड़ाने वाले फाइटर पायलट के ऊपर भी निर्भर करती है। भारतीयर वायुसेना के पायलट अभिनंदन इसका ताजा उदाहरण हैं। उन्होंने पुरानी तकनीक वाले मिग-21 लड़ाकू विमान से पाकिस्तान के आधुनिक एफ-16 को मार गिराया था। 1965 के भारत पाक जंग में पाकिस्तानी सेना उस समय के सर्वाधिक उनन्त विमानों, टैंकों और अन्य इन्फेंट्री से लैस थी। उस समय के अग्रणी विमान सैबर जेट पाकिस्तानी वायुसेना के बेड़े में शामिल थे। भारत के पास उससे आधे से भी कम क्षमता के विमान थे। इस जंग में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी वायुसेना की कमर तोड़ दी थी। अपराजेय मानी जाने वाली पाकिस्तानी पनडुब्बी को अरब सागर में जल समाधि दिलवा दी थी। 2- डा अभिषेक का कहना है कि पाकिस्तान अभी चीन के सहयोग से जेएफ-17 लड़ाकू विमान अपने वायुसेना में शामिल कर रहा है। एक जेएफ-17 की कीमत 15 मिलियन डॉलर है। राफेल का मुकाबला करने के लिए पकिस्तान को चेंगदू जे-20, शेनयांग एफसी -31 जैसे चीनी लड़ाकू विमानों को खरीदना होगा। खास बात यह है कि युद्ध में इन चीनी लड़ाकू विमानों का परीक्षण नहीं हुआ है। जंग के दौरान इन चीनी जेट लड़ाकू विमानों की क्षमताओं को देखना दिलचस्प होगा। चीन अभी खुद रूस से सुखोई-35 खरीद रहा हैं। पांचवी पीढ़ी के चेंगदू जे-20 विमान की कीमत भी लगभग 80 मिलियन डालर होगा। इसलिए पाकिस्तान अगले कुछ वर्षों में कोई उनन्त लड़ाकू विमान नहीं खरीद पायेगा। 3- अभी पाकिस्तान को फ्रांस और रूस लड़ाकू विमान बेच नहीं रहा है। शायद ब्रिटेन और जर्मनी भी यूरोफाइटर टाइफून पाकिस्तान को नहीं देगा और स्वीडेन भी ग्रिपेन शायद पाकिस्तान को नहीं देगा। अमेरिका ने तो पहले ही पाकिस्तान को उनन्त हथियार देना बंद कर दिया है। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक है। भारत रूस, फ्रांस, अमेरिका, इसरायल इत्यादि देशों से लाखों कड़ोड़ रुपये का हथियार खरीद रहा है इसलिए कोई भी देश या कंपनी भारत को नाराज कर पाकिस्तान को उनन्त लड़ाकू विमान नहीं बेचेगा। इसके बाद केवल चीन ही बचता है।

# बेलारूस में विपक्ष के नेता ने कहा- देश का भाग्य यूक्रेन के साथ जुड़ा हुआ रूस के खिलाफ एक होकर लड़ना होगा

बेलारूस के विपक्षी नेता ने शुक्रवार को कहा कि बेलारूस और यूक्रेन आपस में जुड़े हुए हैं और दोनों देशों को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए मिलकर लड़ना चाहिए क्योंकि रूस उन्हें स्वतंत्र संप्रभु राज्यों के रूप में नहीं देखता है। रूसी सहयोगी अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने विवादित अगस्त 2020 के चुनावों में जीत का दावा करने के बाद लिथुआनिया भाग गए ।स्वियातालाना त्सिखानौस्काया ने एसोसिएटेड प्रेस के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि बेलारूस और यूक्रेन कभी रूस साम्राज्य का हिस्सा थे।



संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान उनकी टिप्पणियों के अनुसार, यूक्रेन और बेलारूस को लगातार सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ेगा। रूस के साथ बेलारूस के समझौते के अनुसार, राष्ट्रपति लुकाशेंको ने पिछले महीने कहा था कि बेलारूस के युद्धक विमानों को परमाणु हथियार ले जाने के लिए संशोधित किया गया था। उनके अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए 'लक्ष्यों का चयन किया गया है'। त्सिखानौस्काया के अनुसार, यूक्रेन में युद्ध 'बेहद अप्रत्याशित' था और बेलारूसवासी विशेष रूप से 'यूक्रेनी, हमारे भाइयों और बहनों के खिलाफ' संघर्ष का विरोध कर रहे हैं। दो साल पहले लिथुआनिया भागने के बाद से विपक्ष ने 'बहुत कुछ' हासिल किया है, सिखानौस्काया ने कहा, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लुकाशेंको के 'आतंक और दमन' और उनके पति सहित हजारों राजनीतिक कैदियों की कारावास के बावजूद 'लोग हार नहीं मान रहे हैं।' त्सिखानौस्काया ने कहा- विपक्ष के गठबंधन निर्माण के परिणामस्वरूप, 'इस शासन के खिलाफ दबाव के कई बिंदु बनाए गए हैं। लुकाशेंको शासन के खिलाफ, विपक्ष द्वारा धकेले गए प्रतिबंधों के अब छह पैकेज हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधों ने राष्ट्रपति पर तनाव और दबाव डाला है, जिससे वह देश के लिए सबसे अच्छा काम करने के बजाय केवल सत्ता में बने रहने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# 8 वर्षों में चार हजार से अधिक शिया मुसलमानों की हत्या

पाकिस्तान इस समय एक साथ कई चुनौतियों से लड़ रहा है। पाकिस्तान में भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है और दूसरे देशों से मदद मांग रहा है। इन सबके साथ ही पाकिस्तान में कानून और व्यवस्था की स्थिति काफी नाजुक हो गई है। पाकिस्तान में आए दिन सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं होती रहती है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पिछले कुछ वर्षों में 4000 से अधिक शिया मुस्लिमों की हत्या हुई है। पाकिस्तान में सुननी समूह द्वारा शियाओं, अहमदियों और गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों को धमकाया जा रहा है और सुननी समूह को सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व का समर्थन प्राप्त है। कनाडा स्थित एक थिंक टैंक ने कहा कि इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप (घ्ण्उ) ने 5 सितंबर को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में बताया है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक मंदी के कारण सांप्रदायिक हिंसा तेज हो सकती है। घ्ण्उ ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि सांप्रदायिक आतंकवाद अब सुननी इस्लामवादी समूहों की सीमा में चलता है, जिसमें ज्यादातर उदार बरेलवी उप-पंथ के अनुयायी शामिल हैं। माना जाता है कि पाकिस्तान की आबादी में इसका बहुत छोटा हिस्सा है। बता दें कि 2020 में प्रसिद्ध रक्षा विश्लेषक आयशा सिद्दीका ने कराची, सिंध और पंजाब के अन्य शहरी केंद्रों में सुनिन्यों और शियाओं के बीच सांप्रदायिक तनाव के बारे में लिखा। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में कथित तौर पर 2010 और 2018 के बीच सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं में करीब 4,847 शियाओं की हत्या हुई है। इससे अलग, पाकिस्तान में आई विनाशकारी बाढ़ ने इस्लामाबाद को काफी हद तक क्षति पहुंचाया है। बाढ़ से पाकिस्तान में करीब एक तिहाई हिस्सा पानी में डूब गया। इस साल सितंबर से पहले प्रकाशित हुई घ्ण्उ रिपोर्ट ने कहा था कि ये नए समूह विभिन्न तरीकों से इस काम को कर रहे हैं, जिससे अंतर जातीय हिंसा की घटनाएं बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अल्पसंख्यक समुदाय खास कर शिया काफी कमजोर हो चुका है।





# मोटे अनाज को प्रोत्साहन समय की मांग, जीवन शैली में बदलाव के कारण सामने आईं कई बीमारियां को रोकने में सक्षम

कांग्रेस कार्यसंस्कृति में पले-बढ़े लोग इस पर चकित रहते हैं कि आखिर मोदी सरकार में योजनाएं समय से पहले कैसे पूरी हो जाती हैं। ऐसे लोग इसकी तह में जाएं तो पता लगा पाएं कि मोदी सरकार योजनाओं को बनाने से पहले उन्हें अमल में लाने की पुख्ता तैयारी करती है। कोई योजना भले ही कितनी ही अच्छी क्यों न हो, लेकिन यदि उसे ढंग से क्रियान्वित नहीं किया जाता तो कभी अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होंगे। यह बात मोदी सरकार भलीभांति समझती है। मोटे अनाज से जुड़ी पहल के बारे में भी सरकार का यही सोच दिखता है। अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (2023) शुरू होने में भले ही कुछ माह शेष हैं, लेकिन मोदी सरकार ने सभी मंत्रालयों और विभागों की कैंटीनों में मोटे अनाज से तैयार व्यंजन शुरू करने के निर्देश दे दिए हैं। मोटे अनाजों की पौष्टिकता के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान आरंभ कर दिया है। डरमेश कुमार दुबे। कांग्रेस कार्यसंस्कृति में पले-बढ़े लोग इस पर चकित रहते हैं कि आखिर मोदी सरकार में योजनाएं समय से पहले कैसे पूरी हो जाती हैं। ऐसे लोग इसकी तह में जाएं तो पता लगा पाएं कि मोदी सरकार योजनाओं को बनाने से पहले उन्हें अमल में लाने की पुख्ता तैयारी करती है। कोई योजना भले ही कितनी ही अच्छी क्यों न हो, लेकिन यदि उसे ढंग से क्रियान्वित नहीं किया जाता तो कभी अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होंगे। यह बात मोदी सरकार भलीभांति समझती है। मोटे अनाज से जुड़ी पहल के बारे में भी सरकार का यही सोच दिखता है। अंतरराष्ट्रीय



मोटा अनाज वर्ष (2023) शुरू होने में भले ही कुछ माह शेष हैं, लेकिन मोदी सरकार ने सभी मंत्रालयों और विभागों की कैंटीनों में मोटे अनाज से तैयार व्यंजन शुरू करने के निर्देश दे दिए हैं। मोटे अनाजों की पौष्टिकता के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान आरंभ कर दिया है। राशन प्रणाली के तहत मोटे अनाजों के वितरण पर जोर दिया जा रहा है आंगनबाड़ी और मध्याह्न भोजन योजना में भी मोटे अनाजों को शामिल कर लिया गया है। इससे पहले 28 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' में मोटे अनाज की पौष्टिकता पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में आदि काल से ही मोटे अनाज की खेती होती रही है और वह हमारे भोजन का अहम हिस्सा रहे हैं। स्वयं अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि मैं पिछले कई वर्षों से विदेशी मेहमानों के भोजन में मोटे अनाजों से बने कुछ पकवान अवश्य रखता हूं और उनका महत्व भी बताता हूं। मोटे अनाज को महत्व दिलाने के लिए उनकी सरकार ने वर्ष 2018 को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया था। अब भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र ने अगले वर्ष अर्थात 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष' के रूप में मनाने का निणर्य लिया है, जिसे 70 देशों ने समर्थन दिया है। मोटे अनाजों में मुख्य रूप से बाजरा, मक्का, ज्वार, रागी, सांवा, कोदो, कंगनी, कुटकी और जौ शामिल हैं। ये हर दृष्टि से सेहत के लिए लाभदायक हैं। पिछली सदी के सातवें दशक में हरित क्रांति के नाम पर गेहूं व धान को प्राथमिकता देने से मोटे अनाज उपेक्षित हो गए। इसके बावजूद पशुओं के चारे तथा औद्योगिक इस्तेमाल बढ़ने के कारण इनका महत्व बना रहा। कोरोना के बाद मोटे अनाज इम्युनिटी बूस्टर के रूप में प्रतिष्ठित हुए हैं। इन्हें सुपर फूड कहा जाने लगा है।इन्हें लेकर बढ़ती जागरूकता का ही नतीजा है कि जो मोटे अनाज कभी गरीबी के प्रतीक माने जाते थे, वे अब अमीरों की पसंद बन गए हैं। हम एक ऐसे दौर में रह रहे हैं, जहां जीवन शैली में बदलाव के कारण कई बीमारियां बढ़ रही हैं। इन बीमारियों में मोटे अनाज फायदेमंद हैं। इससे मोटे अनाज का बाजार लगातार बढ़ रहा है। दुनिया में तमाम लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी होती है। मोटे अनाज ग्लूटेन मुक्त होते हैं। इसलिए इनके निर्यात की संभावनाएं भी बढि़या हैं। न केवल सेहत, बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी मोटे अनाज किसी वरदान से कम नहीं। इनकी पैदावार के लिए पानी की जरूरत कम पड़ती है। खाद्य व पोषण सुरक्षा देने के साथ-साथ ये पशु चारा भी मुहैया कराते हैं। इनकी फसलें मौसमी उतार-चढ़ाव भी आसानी से झेल लेती हैं। इसका यही अर्थ है कि पानी की कमी और बढ़ते तापमान के कारण खाद्यान्न उत्पादन पर मंडराते संकट के दौर में मोटे अनाज उम्मीद की किरण जगाते हैं, क्योंकि इनकी खेती अधिकतर वर्षाधीन इलाकों में बिना उर्वरक-कीटनाशक के होती है। पोषक तत्वों की दृष्टि से ये गुणों की खान हैं। प्रोटीन व फाइबर की भरपूर मौजूदगी के चलते मोटे अनाज डाइबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप का खतरा कम करते हैं। इनमें खनिज तत्व भी प्रचुरता में होते हैं, जिससे कुपोषण की समस्या दूर होती है। मोटे अनाजों के वितरण से न सिर्फ खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि गेहूं-चावल के पहाड़ से भी मुक्ति मिल जाएगी। इससे विविधतापूर्ण खेती को बढ़ावा मिलेगा, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी। साथ ही रासायनिक उर्वरकों-कीटनाशकों के इस्तेमाल में कमी आएगी। इनकी खेती को बढ़ावा देना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि सिंचित क्षेत्र की पैदावार में बढ़ोतरी थम गई है। देश में उपलब्ध भूजल का 80 प्रतिशत खेती में इस्तेमाल होता है। मोटे अनाजों की खेती से बड़ी मात्रा में पानी बचाया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक जनपद एक खेल, खेलो इंडिया योजना के तहत जिला खेल कार्यालय में 19 सितंबर को होगा बैडमिंटन खेल के शिविर का आयोजन


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एवं जिला अधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में एक जनपद एक खेल, खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत जिला खेल कार्यालय गौतम बुध नगर में बैडमिंटन खेल का कैंप आयोजित किया जा रहा है। उप क्रीड़ा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अनीता नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि जो खिलाड़ी खेलो इंडिया खेल में बैडमिंटन प्रतियोगिता वह प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हुए है, वह दिनांक 19 सितंबर को सायं काल 2:00 बजे से मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में अपने आधार कार्ड व दो फोटो के साथ अपने संपूर्ण सामान जो कि बैडमिंटन के ट्रायल के वक्त उपयोग में आते है लेकर उपस्थित होकर आयोजित बैडमिंटन खेल के शिविर में प्रतिभाग कर सकते। उन्होंने कहा कि सिलेक्शन के उपरांत अपना रजिस्ट्रेशन पूर्ण कराएं जो बच्चे इसमें चयनित किए जाएंगे वह खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे व खेलो इंडिया में होने वाले सभी आयोजनों में प्रतिभाग करेंगे।

# अनुज सक्सेना होंगे राम, परी त्यागी होंगी माता सीता, संजय शर्मा दहारेंगे रावण बनकर,26 सितंबर से रामलीला होगी शुरू


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने श्रीरामलीला मंचन की जानकारी देते हुए बताया है कि रामलीला मैदान,सी-57, सेक्टर-62 में 26 सितंबर से 06 अक्टूबर तक आयोजित होनेवाले रामलीला महोत्सव



2022 में लीला मंचन का कार्य रघुवंश सांस्कृतिक संस्थान के लगभग 50 कलाकारों द्वारा किया जायेगा।उन्होंने बताया कि भगवान राम की भूमिका फार्मा कंपनी में काम करने वाले अनुज सक्सेना निभायेंगे।वे एमबीए की शिक्षा प्राप्त किये हैं।वे कई वर्षों से दिल्ली के परेड ग्राउंड रामलीला में श्रीराम की भूमिका निभा रहे हैं।माता सीता की भूमिका का निर्वहन परी त्यागी करेंगी।वहीं लंकापति रावण का मंचन दिल्ली निवासी डॉ. संजय शर्मा करेंगे।वे एक होमियोपैथिक चिकित्सक हैं।लीला का निर्देशन अनुज शर्मा करेंगे और टेकिन्कल निर्देशन अनितेश शर्मा करेंगे। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर को प्रथम दिवस गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला मंचन 2022 का शुभारंभ होगा। 27 सितंबर को द्वितीय दिवस के प्रसंग में पृथ्वी पर राक्षसों का आतंक, देवताओं द्वारा विष्णु जी से प्रार्थना, राम जन्म का बधाई उत्सव, शिवजी द्वारा रामलला के दर्शन, नामकरण संस्कार, गुरु वशिष्ठ आश्रम में शिक्षा-दीक्षा के लिए जाना, ऋषि विश्वामित्र द्वारा राम-लक्ष्मण को यज्ञ हवन की रक्षा हेतु राजा दशरथ से मांग कर ले जाना, मारीच, सुबाहु, ताड़का वध,28 सितंबर को तृतीय दिवस ऋषि विश्वामित्र के आश्रम में जनक दूत का आगमन, स्वयंवर में आने का निमंत्रण, श्रीराम द्वारा अहिल्या उद्धार, सीता जन्म कथा, जनक द्वारा धनुष यज्ञ की प्रतिज्ञा, पुष्प वाटिका में राम-सीता का साक्षात्कार, गौर-गौरी पूजन,29 सितंबर को चतुर्थ दिवस राजा जनक द्वारा धनुष यज्ञ का आयोजन, श्रीराम द्वारा धनुष भंग, परशुराम क्रोध, वरमाला,30 सितंबर को पंचम दिवस



भव्य श्रीराम बारात, राम के अभिषेक की घोषणा, मंथरा कैकई संवाद, कैकई दशरथ संवाद, राम वनवास की आज्ञा,01 अक्टूबर को षष्ठम दिवस निषादराज से भेंट, राम केवट संवाद, भरत राम भेंट, सूर्पनखा का नासिका छेदन, खरदूषण वध, रावण दरबार में सूर्पनखा, सीता हरण, सीता खोज, शबरी आश्रम में श्रीराम का आगमन,02 अक्टूबर को सप्तम दिवस राम हनुमान मिलन, बाली वध, सीता खोज में जाना, रावण हनुमान संवाद, लंका दहन,03 अक्टूबर को अष्टम दिवस रावण द्वारा विभीषण का त्याग, रामेश्वरम की स्थापना, रावण अंगद संवाद, लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, लक्ष्मण मूर्छा, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना, मूर्छा भंग होना,04 अक्टूबर को नवम दिवस राम कुम्भकरण युद्ध,कुम्भकरण वध, लक्ष्मण द्वारा मेघनाद वध, सुलोचना संवाद, अहिरावण वध,05 अक्टूबर को दशम दिवस राम रावण युद्ध, रावण वध, दशहरा उत्सव एवं रावण,



कुम्भकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन के प्रसंगों का मंचन होगा। 06 अक्टूबर को भरत मिलाप,श्रीराम राज्याभिषेक और सांस्कृतिक-धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ग्यारह दिवसीय श्रीरामलीला मंचन का समापन हो जायेगा। समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने बताया कि रामलीला का मंचन प्रतिदिन सांय 7 बजे से प्रारंभ होगा एवं 11 बजे तक समापन होगा।

# दंपती ने दी जानः मां की बात से खिन्न बेटे ने पिया तेजाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गुरुग्राम।** के सेक्टर 23 पालम विहार के नजदीक चोमा गांव में किराए पर रह रहे दंपती ने आत्महत्या कर ली। महिला के मायके पक्ष ने बेटी की आत्महत्या के लिए उसकी सास को जिम्मेदार ठहराया है। मृतका की मां के मुताबिक, बेटी की मांग पर उनके





दामाद ने दूध ला दिया था। जिससे उसकी सास विवाद करने लगी थी। इसके बाद दामाद ने जहरीला पदार्थ पीकर जान दे दी। पति की मौत के बाद बेटी ने भी जहरीला पदार्थ पी लिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने रविवार को दोनों का शव परिजनों को सौंप दिया। झारखंड की मूल निवासी सुइली मित्रा ने बताया कि दो साल पहले उन्होंने अपनी बेटी जूही की शादी पश्चिम बंगाल के रामपुरा निवासी सुशांता घोष के साथ की थी। बाद में सुशांता बिजवासन दिल्ली में स्थित एक कंपनी में काम करने लगा और चौमा गांव में किराए पर रहने लगा। बाद में सुशांता की मां भी अपने बेटे के पास आकर रहने लगी थी। सुइली के मुताबिक बेटी को उसकी सास विवाह के बाद से ही दहेज के लिए भी परेशान करती थी और आए दिन विवाद करती थी। बीते शनिवार रात को जूही ने अपने पति से दूध रोटी खाने की इच्छा जताई तो सुशांता ने दूध मंगा दिया। इस पर जूही की सास नाराज हो गई और अपने बेटे से झगड़ने लगी। इस बात से खिनन होकर सुशांता ने रात करीब 10 बजे तेजाब पी लिया, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने पर मेट्रो अस्पताल ले गए।

# देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती धूमधाम से मनाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती सेक्टर 102 स्थित भंगेल सपा व्यापार सभा कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई।इस दौरान सभी ने पुष्प माला अर्पित की साथ ही धूप दीप के साथ उनकी पूजा अर्चना की। फल एवं मिष्ठान का भगवान विश्वकर्मा को भोग अर्पित कर सभी ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर सपा नोएडा ग्रामीण के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा वास्तुदेव तथा माता अंगिरसी के पुत्र हैं। उन्हें वास्तुकला के आचार्य के रूप में जाना जाता है। उनकी जयंती पर आराधना के साथ औजारों की पूजा की जाती है।भगवान विश्वकर्मा की जयंती को श्रम दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, इसलिए अधिकतर लोग अपना काम काज बन्द कर हर्षोल्लास के साथ पूजा आराधना करते है इस अवसर पर सपा व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा से यही कामना है कि सभी स्वस्थ और खुशहाल हों। इस अवसर पर सपा व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल, सौरभ जिंदल, सुबोध गोयल, विनोद सिंह,पुष्पेंद्र बंसल ,रेशम पाल सिंह, अमित चौधरी, बबलू चौहान, संजय त्यागी मौजूद रहे।

# दिव्यांगजन यू0 डी0 आई0 डी0 कार्ड बनवाने के लिए विभागीय पोर्टल पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल0वाई0 के निर्देशों के क्रम में जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर आशीष कुमार सिंह ने जनपद के समस्त दिव्यांगजन का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि जनपद के ऐसे समस्त दिव्यांगजन जिनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र पुराने बने हुए है एवं जिनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र नहीं बने हुए हैं अपना यू0 डी0आई 0डी0 कार्ड (यूनिक डिसेबिलिटी आईडेन्टीफिकेशन) पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन पत्र की हार्ड कापी मुख्य चिकित्सा धिकारी गौतम बुद्ध नगर के कार्यालय में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जिन दिव्यांग जनों के यू0 डी0 आई0 डी0 कार्ड निर्गत नहीं है उन सभी दिव्यांगजनों को विभागीय योजनाओं से वंचित होना पड सकता है। किसी भी सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए यू0डी0आई0डी0 कार्ड का होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि समस्त दिव्यांगजन जिनके यू0डी0आई0डी0 कार्ड नहीं बने हैं वे अपना यू0डी0आई0डी0 कार्ड शीघ्र बनवाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करें। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा सप्ताह में 02 दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को परीक्षणोपरान्त यू0डी0आई0डी0 कार्ड बनाया जायेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर ने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी के निर्देशानुसार एव भाजयुमो नोएडा महानगर जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व



में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित किया। रक्तदान शिविर में क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा मोहित बेनीवाल, सांसद डॉ महेश शर्मा, नोएडा के यशश्वी विधायक, प्रदेश युवा मोर्चा प्रभारी,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आदरणीय श्री पंकज सिंह जी प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा आदरणीय अमल खटीक जी कॅप्टन विकास गुप्ता तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। रक्तदान शिविर की शुरुआत में भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने रक्तदान करके की मोहित बेनीवाल ने सभी नागरिकों से स्वेच्छा से रक्तदान करने की अपील करी जिससे किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सके। मोहित जी ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हुए सभी डॉक्टरों एवम् अन्य सहयोगियों तथा विशेषकर रक्तदान से जुड़े हुए सभी भद्रजनों को हार्दिक आभार प्रकट किया। डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा की रक्तदान महादान है और इससे शुभ कार्य कुछ और नहीं हो सकता की आप रक्तदान के माध्यम से जीवन दान करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा की आज देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित रक्तदान का कार्यक्रम निश्चित ही जनमानस में इस पुनीत कार्य के लिए जनजागरण में सहायक होगा।। नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने सभी नोएडा वासियों का धन्यवाद करते हुए कहा की नोएडा में विषम से विषम परिस्थिति में भी कभी रक्त की कमी नहीं होने दी तथा रक्तदान में नोएडा सदैव सम्पूर्ण प्रदेश के लिए एक मिशाल बनता रहा है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इस रक्तदान के कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा की आदरणीय नरेंद्रमोदी जी का संपूर्ण जीवन ही जनसेवा, राष्ट्रसेवा, पार्टी सेवा में व्यतीत हुआ और इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए पार्टी ने प्रति वर्ष सेवा पखवाड़ा आयोजित करने का निश्चय किया। भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमल खटीक ने रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक साधुवाद। अमल खटीक ने कहा की प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से ही आज युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस रक्तदान अभियान में पूरे जोश के साथ कार्य कर रहा है तथा अधिक से अधिक युवाओं को भी इसके लिए प्रेरित कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी नागरिकों एवम् कार्यकर्ताओं को धन्यवाद करते हुए रक्तदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का व्रत दिलाया तथा युवा मोर्चा को इस अभियान को समय समय पर आयोजित करने का भी आग्रह किया।। भाजयुमो जिला युवा मोर्चा प्रभारी एवम् वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा ने बताया की प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में युवा मोर्चा नोएडा में 11 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है और जिले तथा मंडल तक के सभी कार्यकर्त्ता पूरे जोश के साथ इस अभियान को सफल बनाने में संलगन है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा की जब जब राष्ट्र पर कोई संकट आया है तब तब युवाओं ने अपने रक्त की आहुति दे करके रक्षा करने का अपना प्रण निभाया है,उन्होंने कहा की रक्तदान में भी युवाओं को इसी प्रकार से आगे आना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए की किसी भी व्यक्ति की मृत्यु रक्त की कमी के कारण न हो तथा सभी जरूरत मंद लोगो को समय से रक्त उपलब्ध कराने के लिए इस कार्य में जुड़ी सभी संस्थाओं का भी धन्यवाद किया।कार्यक्रम में नॉएडा महानगर महामंत्री चंदीराम यादव ,उमेश त्यागी ,डिंपल आनंद ,गणेश जाटव ,धर्मेन्द्र गुप्ता ,युद्धवीर चौहान,मनीष शर्मा, महेश अवाना , तन्मय शंकर मंडल अध्यक्ष -पंकज झा ,कल्लू सिंह ,गोपाल गोड़ ,सुराजपाल राणा, लोकेश कश्यप ,राममेहर कौशिक , अशोक मिश्रा, राजकुमार चौहान, एम.सी .भारद्वाज युवा मोर्चा टीम - मोहित शर्मा ,नवीन मिश्रा ,रिंकु तवर ,विपुल शर्मा ,धर्मेन्द्र चौहान ,तुषार गोयल ,संदीप अवाना ,संजय चौधरी ,अर्पित मिश्रा ,विक्रांत राणा ,परवीन चौहान ,सोनू राणा ,राहुल शर्मा ,सूर्य शर्मा ,कपिल धारीवाल ,सचिन अम्बावता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन जिला चिकित्सालय में जनपद के जनप्रतिनिधियों ने किया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में जनपद में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़े के दूसरे दिन जिला चिकित्सालय में माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा, माननीय नवाब सिंह नागर एवं महिला आयोग की माननीय उपाध्यक्ष सुषमा जी के द्वारा संयुक्त रूप से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला मंत्री गणेश जाटव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ पवन कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, चीफ फार्मेसिस्ट आलोक पांडे तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# भारतीय विमानों पर लिखा वीटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राजपथ का नाम अब कर्तव्य पथ हो गया है। केंद्रीय सचिवालय परिक्षेत्र के सौंदर्यीकरण में ही नहीं, बल्कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा में भी औपनिवेशिक मानसिकता की छाप दिख सकती है। पर इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ठकिंग्सवेठ का जिक्र कर गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का आह्वान करते हैं।

# ट्रैफिक नियमों की अनदेखी,गलत पार्किंग के एक तिहाई से अधिक मामले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर वाहनों के जाम से होने वाली परेशानियां कम नहीं हो रही हैं। तयशुदा जगहों पर वाहनों की पार्किंग ना करने से रोजाना हजारों वाहन चालकों की दिक्कतें बढ़ती जा रही है। वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से दिक्कतें लगातार बढ़ रही हैं। 2021 में गलत पार्किंग के सर्वाधिक चालान किए गए। नियमों की अनदेखी पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने साल भर में 4,63,732 वाहनों का चालान किया। इस साल कुल 13, 23, 256 चालान में से एक तिहाई से भी अधिक गलत



पार्किंग से दिक्कतें लगातार बढ़ रही हैं। दिल्ली की सड़कों पर वाहनों के जाम से होने वाली परेशानियां कम नहीं हो रही हैं। तयशुदा जगहों पर वाहनों की पार्किंग ना करने से रोजाना हजारों वाहन चालकों की दिक्कतें बढ़ती जा रही है। वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के रहे हैं। आंकड़ों पर विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में ट्रैफिक प्रबंधन को और बेहतर करने के लिए जरूरी है कि वाहनों की पार्किंग तयशुदा जगहों पर ही करें। तहजीब से ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगी और आवागमन सुलभ होगी।

# पत्नी के साथ जा रहे टायर कंपनी के सुपरवाइजर ने मेट्रो के आगे कूदकर दी जान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** के सेक्टर 39 थाना क्षेत्र में मेट्रो के आगे कूदकर एम आर एफ



टायर के सुपरवाइजर द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। थाना सेक्टर-39 क्षेत्रांतर्गत राजेश पुत्र सुखबीर सिंह निवासी गांव गोची थाना बेरी जिला झज्जर, हरियाणा उम्र करीब 47 वर्ष जो अपनी पतनी के साथ अपने घर जा रहे थे, गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन पर राजेश ने मेट्रो के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-39 नोएडा पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मृतक राजेश सूरजपुर में एमआरएफ टायर कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे।

# दुर्गेश पाठक को ईडी का समन सिसोदिया बोले- इनका टारगेट शराब नीति है या एमसीडी चुनाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी




पार्टी (आप) विधायक दुर्गेश पाठक को समन जारी किया है। इस बारे में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर जानकारी दी। मनीष सिसोदिया ने समन जारी करने पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि शराब नीति से दुर्गेश पाठक का क्या संबंध है शराब नीति के बहाने एमसीडी चुनाव को टारगेट किया जा रहा है। डीप्टी सीएम ने भाजपा को घेरते हुए ट्वीट कर कहा, 'आज ईडी ने आप के एमसीडी के चुनाव इंचार्ज दुर्गेश पाठक को समन जारी किया है। दिल्ली सरकार की शराब नीति से हमारे एमसीडी चुनाव इंचार्ज का क्या लेना देना इनका टारगेट शराब नीति है या एमसीडी चुनाव आज ने आप के के चुनाव इंचार्ज दुर्गेश पाठक को समन किया है। दिल्ली सरकार की शराब नीति से हमारे चुनाव इंचार्ज का क्या लेना देना इनका टार्गेट शराब नीति है ।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर मैहर में यूंका ने जूते पॉलिश कर जताया विरोध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर ।** आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा पूरे देश में राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मना रही हैं जिसके चलते मैहर में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृजेंद्र शर्मा छोटू के मार्गदर्शन पर व युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा (लल्ला) के नेतृत्व में मैहर घंटाघर चौराहे में सैकड़ो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जूते पॉलिश कर अपनी डिग्रिया लेकर एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया विधानसभा अध्यक्ष लल्ला ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि आज देश के शिक्षित युवा सड़को पर जूता पॉलिश कर रहा है जिसका श्रेय बीजेपी के नेताओं को जाता हैं प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वादे कर सरकार मे आए और जब देश का युवा रोजगार मांगता है तो उन्हे पकौड़े तलने वा आत्मनिर्भर का सुझाव देते हैं उसी के चलते युवाओं ने इनसे उम्मीद लगाना छोड़कर खुद अपना रोजगार ढूढने के लिए सड़को पर उतरे हैं, उन्होंने कहा मैहर विधानसभा की बात की जाय जहां तीन तीन बड़े उद्योग सीमेंट प्लांट संचालित हैं वही मैहर क्षेत्र का युवा सिर्फ दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं लल्ला ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि ये रंगा बिल्ला की सरकार ने रोजगार देना तो दूर आज जो भी रोज़गार के अवसर थे उनको भी बेचकर अपने ब्रांडिंग और अपने चंद चुनिंदा चहेतों को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही हैं जिसमें मुख्य रूप से ललित तिवारी सरपंच, मोनिश अली, इमरोज अहमद का. अ., आनंद मिश्रा वि. उपाध्यक्ष, आदर्श पूरी, राहुल पांडेय, हर्ष लालवानी, रवि वर्मा, कान्हा चौरसिया, सद्दाम खान, अभिषेक सिंह, अभिषेक ठाकुर, अमित लोधी, अनस खान, अरमान रावत, मोंटी गुप्ता, राहुल रावत, आयूष ठाकुर, राजकुमार, लवकुश त्रिपाठी, विकास साहू, निखिल कुशवाहा, सचिन साहू, निखिल कुशवाहा, सचिन साहू, अमन सिंह परिहार, अरमान पटेल, शरद भाई, मोंटी तिवारी, अभिषेक चौधरी, अनुज वर्मा राहुल ओझा, मयंक पांडेय, समशेर खान, रितिक रैकवार, इरफान खान सहित सैकड़ो युवा साथी उपस्थित रहे।




# मैहर नादान मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत मगरौरा मे 72 वृक्ष लगाए गए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** प्रधानमंत्री जी के72 वे वर्षगांठ के उपलक्ष में ग्राम पंचायत मंगरौरा में वेहद वृक्षारोपण कार्यक्रम अंतर्गत 72 वृक्ष लगाकर मा.प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन मनाया गया भारत के सबसे लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री मा. नरेंद्र



मोदी जी के 72 वे वर्षगांठ के उपलक्ष में मैहर नादान मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगरौरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिषद के परिक्षेत्र में 72 वृक्षारोपण कर मनाया गया मा. प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी जीने कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिषद में विराजमान मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी जी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकान्त चतुर्वेदी जी,जनपद सदस्य कामता प्रसाद शुक्ला,रावेंद्र सिंह पटेल पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष,विकाश तिवारी ,नादान युवामोर्चा अध्यक्ष सुबोध मिश्रा, किसान मोर्चा जिला सतना मंत्री राजा पांडये, पारसनाथ तिवारी किसान मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष प्रेम लाल सिंह पटेल उपसरपंच मंगरौरा रामदास चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी कामता प्रसाद शुकुल लाल जी शुक्ला, तेजभान सिंह राजबहादुर यादव श्रीनिवास यादव वीरेंद्र आया बाल्मिक सिंह रामपाल चौधरी रामदास चौधरी राजेश सिंह मनोज जायसवाल जगदीश साहू प्रेम लाल सिंह इंद्रमणि सिंह गोकर्ण साहू ग्राम पंचायत मंगरौरा के सचिव बाल्मिक कुशवाहा रोजगार सहायक राजू चौधरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रचार संतोष सिंह जी विद्यालय परिवार का स्टाफ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी गण किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारी गण एवं ग्रामवाशी उपस्थित हुए।

# जसप्रीत बुमराह की गेंद पर बोल्ड होने के बाद एरोन फिंच ने बजाई ताली, लोगों ने दी गजब की प्रतिक्रिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** क्रिकेट में अक्सर बल्लेबाजों और गेंदबाजों के तरफ से स्लेजिंग की जाती है। मैच के दौरान बल्लेबाज और गेंदबाज के बीच कभी-कभी हाथापाई की भी नौबत आ जाती है। वहीं, दूसरी ओर शुक्रवार के दिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए दूसरे टी20 मैच में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर वाकई लोग कह सकते हैं कि क्रिकेट एक जेंटलमैन गेम है। दरअसल टीम इंडिया में चोट के बाद वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो ओवरों में 23 रन दिए। वहीं, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच को एक शानदार यॉर्कर गेंद पर आउट कर दिए। इस गेंद ने फिंच को पूरी तरह से हैरान कर दिया था। आउट होने के तुरंत बाद फिंच ने बुमराह की तारीफ करते हुए ताली बजाई। यह देखकर कई क्रिकेट फैंस भी हैरान रह गए। बता दें कि इस मैच में फिंच ने 15 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन की पारी खेली।एरोन फिंच द्वारा किए गए बुमराह की तारीफ का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखकर यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं दूसरे मैच में तेज गेंदबाज उमेश यादव की जगह जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग-घ् में शामिल किया गया। बता दें कि यह मैच नागपुर के विदर्भ क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। बारिश से प्रभावित इस मैच को 8-8 ओवर का कर दिया गया था। पहली पारी के पांचवे ओवर में रोहित ने बुमार को गेंदबाजी करने के लिए बुलाया। बुमराह के ओवर की पहली गेंद वाइड रही। दूसरी गेंद पर फिंच ने चौका जड़ा। बुमराह ने इस ओवर की अंतिम गेंद शानदार यॉर्कर फेंकी। फिंच इस गेंद को पढ़ने में पूरी तरह असमर्थ रहे।



## दिनेश कार्तिक ने किया खुलासा, कोहली नहीं यह खिलाड़ी उठाता है वर्कआउट के दौरान सबसे ज्यादा वजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** किसी भी खेल में फिटनेस का बड़ा महत्व होता है और यही बात क्रिकेट के साथ भी है। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड.ियों में बीते कुछ वर्षों से फिटनेस को लेकर बहुत ही ज्यादा क्रेज है और ये समय की मांग है साथ ही मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सबसे जरूरी भी है। टीम इंडिया के मौजूदा खिलाडियों में अगर सबसे फिट खिलाडियों की बात करते हैं तो विराट कोहली का नाम सबसे ऊपर आता है। कोहली जब टीम के कप्तान थे तब उन्होंने फिटनेस को लेकर जो एक कल्चर टीम में डेवलप किया था वो कमाल का था और सबसे लिए फायदेमंद भी।

# युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह के शिष्य बने अर्जुन तेंदुलकर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** अर्जुन तेंदुलकर ने 2022/23 के घरेलू सीजन की तैयारी शुरू कर दी है और योगराज सिंह की निगरानी में ट्रेनिंग ले रहे हैं। अर्जुन को क्रिकेट के गुर सिखाते योगराज सिंह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इनकी जो तस्वीरें वायरल हुई हैं उसमें एक में अर्जुन नेट सत्र के दौरान भारत के पूर्व तेज गेंदबाज योगराज सिंह से टिप्स ले रहे हैं तो वहीं दूसरी तस्वीर में वो योग करते हुए नजर आ रहे है। योगराज सिंह भारत के पूर्व आलराउंडर युवराज सिंह के पिता है। योगराज 1980 के दशक में टीम इंडिया के लिए खेले थे। उन्होंने वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया, जबकि उनका वनडे डेब्यू भी ब्रिस्बेन में ब्रैक फैक्स के खिलाफ ही हुआ था।अर्जुन तेंदुलकर अगले सीजन की तैयारी कर रहे है और इस बार वो गोवा का प्रतिनिधित्व करेंगे। सीनियर क्रिकेट में पदार्पण के एक साल के बाद ही अर्जुन तेंदुलकर ने मुंबई टीम को छोड़ दिया था। वहीं अर्जुन ने मुंबई के लिए साल 2021-22 में दो टी20 मुकाबले भी खेले थे। अर्जुन इस साल मुंबई रणजी टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके बाद अर्जुन ने गोवा की तरफ से खेलने का फैसला किया था। अर्जुन के मुंबई छोड़ने के बारे में सचिन तेंदुलकर ने कहा था कि उसे अपने करियर के इस मोड़ पर ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने की जरूरत है। हमारा मानना है कि इस बदलाव से अर्जुन के अधिक प्रतिस्पर्धी मैचों में खेलने की संभावना में सुधार होगा। वह अपने क्रिकेट करियर के एक नए चरण की शुरुआत कर रहे हैं। अगर अर्जुन को गोवा की टीम में जगह मिलती है, तो वह उनके लिए सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में डेब्यू करेंगे, जो अगले महीने शुरू होने वाली है। वो आपीएल में मुंबई इंडियंस का भी हिस्सा हैं और उनका लक्ष्य पांच बार के आइपीएल चैंपियंस के लिए डेब्यू करना होगा।



# भारत ने एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा टि20 मैच जीतने का रिकार्ड बनाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मैच में जीत के साथ भारतीय टीम एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा टी-20 मैच जीतने के मामले में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर आ गई है। पाकिस्तान ने वर्ष 2021 में 29 टी-20 में से 20 जीते थे। भारत ने इस कैलेंडर वर्ष में 27 मैचों में 20 जीत हासिल कर ली है भारत अगर तीसरे मैच में अब आस्ट्रेलिया को हरा देता है तो इस मामले में पाकिस्तान को पछाड़ देगा। जहां तक भारत की बात है तो उसने कभी इससे पहले एक कैलेंडर वर्ष में इतनी जीत हासिल नहीं की है। भारत ने घरेलू सरजमीं पर 12 में से नौ मैच जीते हैं। वह इस एक कैलेंडर वर्ष में घर पर सबसे ज्यादा टी-20 जीतने के मामले में जिंबाब्वे के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर आ गया है। जिंबाब्वे ने भी इस कैलेंडर वर्ष में घर पर नौ मैच जीते हैं।आपको बता दें कि दूसरा मैच बारिश और गीले मैदान के कारण मैच ढाई घंटे की देरी से शुरू हुआ था। भारत ने इस मैच में उमेश यादव और भुवनेश्वर कुमार की जगह जसप्रीत बुमराह और रिषभ पंत को चुना। आस्ट्रेलिया ने भी इस मैच में दो बदलाव किए। चोटिल नाथन एलिस की जगह उन्होंने डेनियल सैम्स को खिलाया जबकि जोश इंग्लिश की जगह सीन एबाट को जगह मिली। बारिश की वजह से मैच को 8-8 ओवरों का कर दिया गया था।इस मैच में आस्ट्रेलिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 5 विकेट पर 90 रन बना डाले। इसके जवाब में भारत ने 7.2 ओवर में 4 विकेट पर 92 रन बनाते हुए मैच को जीत लिया। रोहित शर्मा ने 20 गेंदों पर 4 छक्के व 4 चौकों की मदद से नाबाद 46 रन बनाए और प्लेयर आफ द मैच भी चुने गए।



## जीत के बाद रोहित ने कहा- आज जो मैनें शॉट खेला उससे मैं खुद हूं हैरान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच नागपुर के विदर्भ



क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। बारिश से प्रभावित इस मैच को 8-8 ओवर का कर दिया गया था। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (दिपू र्एर्स) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया टीम ने 5 विकेट खोकर 90 रन बनाए। वहीं भारत ने 7.2 ओवर में यह मुकाबला जीत लिया। इस मैच में रोहित शर्मा ने 20 गेंदों पर नाबाद 46 रन बनाए। इस पारी में रोहित शर्मा ने चार चौके और चार छक्के जड़े। वहीं, दिनेश कार्तिक ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वो क्यों हैं भारत के सबसे बेस्ट फिनिशर। दिनेश कार्तिक ने 500 के स्ट्राइक रेट से दो गेंदों पर 10 रन बनाए। गेंदबाजी की बात करें तो टीम में वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह ने 2 ओवर में 23 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच को बोल्ड कर दिया। मैच खत्म होने के बाद भारतीय कप्तान और इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच रोहित शर्मा ने हल्के अंदाज में कहा कि आज जिस तरह मैनें शॉट खेला उससे मैं खुद हैरान हूं।

# मैच जीतने के बाद दिनेश कार्तिक से आकर यूं गले मिले रोहित शर्मा, वीडियो देखकर आप भी कहेंगे वाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**नागपुर में खेले गए दूसरे टी20 मैच में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। इस सीरीज का आखिरी और निर्णनायक मुकाबला हैदराबाद में खेला जाएगा। बारिश की वजह से टी20 का मुकाबला टी8 का मैच बन गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए



ऑस्ट्रेलिया ने 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाए वहीं, टीम इंडिया ने इस लक्ष्य को 7.2 ओवर में हासिल कर लिया। इस मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने 20 गेंदों पर नाबाद 46 रन की पारी खेली। गौरतलब है कि रोहित इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच भी रहे। वहीं, दूसरी तरफ दिनेश कार्तिक ने आखिरी ओवर में आकर दो गेंदों पर 10 रन बनाकर मैच खत्म कर दिया।बता दें कि आखिरी ओवर में टीम इंडिया को जीत के लिए 9 रन की जरुरत थी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बॉलिंग करने आए डेनियल सैम्स को दिनेश कार्तिक ने ओवर की पहली गेंद पर एक छक्का जड़ा और दूसरी गेंद पर चौका लगा दिया। जब दिनेश कार्तिक द्वारा फिनिशिंग शॉट लगाया जा रहा था उस समय नॉन स्ट्राइक पर रोहित शर्मा मौजूद थे। दिनेश ने जैसे ही चौका लगाकर मैच खत्म किया, वैसे ही रोहित दौड़कर आए और कार्तिक को गले लगा लिया। रोहित की यह खुशी यह जाहिर कर रही थी की टीम इंडिया के लिए यह कितनी बड़ी जीत है।बता दें कि शुक्रवार को रात 9: 45 में इस मुकाबले की शुरुआत हुई। इस मैच में टीम इंडिया की गेंदबाजी की बात करें तो अक्षर पटेल ने एक बार फिर टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया। अक्षर ने सिर्फ 13 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। वहीं, टीम में वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह ने 2 ओवरों में 23 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच को क्लीन बोल्ड कर दिया बैटिंग में केएल राहुल ने 10 रन बनाए वहीं विराट कोहली 11 रन बनाकर आउट हो गए जबकि सूर्यकुमार यादव पहली गेंद पर डक पर आउट हुए। दिनेश कार्तिक ने एक बार फिर साबित कर दिया कि आखिर टीम मैनेजमेंट उनपर क्यों भरोसा दिखा रही है।



# राशिफल



**मेष-:**इस सप्ताह दाम्पत्य जीवन में आंगन में प्रसन्नता के पल रहेगे। जिससे पौत्र व पुत्री का सुख रहेगा। इस सप्ताह उन्हें उज्जवल भविष्य की तरफ बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति रहेगी।

**वृष-:**इस सप्ताह न्यायिक व विधिक कामों को पूरा करने में वांछित प्रगति के आसार रहेगे। जिससे मन उत्साहित रहेगा। वहीं आजीविका के क्षेत्रों में सितारे मिलेजुले परिणामों को देंगे।

**मिथुन-:**इस सप्ताह सितारों की चाल भौतिक सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाली तथा आजीविका के क्षेत्रों में बेहतर परिणामों को देने वाली रहेगी। जिससे मन उत्साहित रहेगा।

**कर्क-:**इस सप्ताह बेहतर दिनचर्या की तरफ बढ़ने में वांछित प्रगति रहेगी। जिससे मन उत्साहित रहेगा। इस सप्ताह किसी खास मित्र से मिलने के अवसर रहेगे।

**सिंह-:**इस सप्ताह बेहतर दिनचर्या की तरफ बढ़ने में वांछित प्रगति रहेगी। जिससे मन उत्साहित रहेगा। इस सप्ताह किसी खास मित्र से मिलने के अवसर रहेगे।

**कन्या-:**इस सप्ताह संबंधित बाजार में व्यापारिक बर्चस्व को बढ़ाने के नायाब किस्म के अवसर रहेगे। वहीं संबंधित फिल्म, संगीत, प्रबंधन, तकनीक, चिकित्सा आदि के क्षेत्रों में वांछित परिणाम मिलेंगे।

**तुला-:** इस सप्ताह के पहले भाग से शारीरिक क्षमतायें उच्च किस्म की रहेगी। यदि पहले के कोई रोग व पीड़ा हैं, तो उन्हें दूर करने मे वांछित किस्म की सफलता रहेगी।

**वृश्चिक-:**इस सप्ताह भूमि जायदाद के क्रय-विक्रय तथा उनके संरक्षण में उम्दा किस्म की सफलता रहेगी। यदि आप कीमती वस्त्राभूषणों के निर्माता व विक्रेता है।


**धनु-:**इस सप्ताह सितारों की चाल एक जोश तथा जब्बे को देने वाली रहेगी। जिससे आप खूबसूरत भविष्य के पथ पर आगे बढ़ने में सक्षम रहेगे। यानी आपकी मंजिल धीरे-धीरे आसान रहेगी।


**मकर-:**इस सप्ताह सितारों की चाल पूंजीगत निवेश व विदेश से जुड़े कार्य तथा कारोबार को उच्च करने के लिहाज से सुखद रहेगे। लिहाजा प्रयासों को जारी रखने में कोताही न करें।

**कुंभ-:**इस सप्ताह के सितारों की चाल आर्थिक आयामों को साधने में सहायक रहेगी। वहीं आजीविका के क्षेत्रों में वांछित मुकाम को देने वाली रहेगी।

**मीन-:**इस सप्ताह फिल्म, चिकित्सा, कला, प्रबंधन, उत्पादन, विक्रय तथा प्रशासनिक क्षेत्रों में कैरियर के सोपानों पर चढ़ने के सुखद अवसर रहेगे। स्वास्थ्य उम्दा किस्म का बना हुआ रहेगा।








# 20 साल के यशस्वी जयसवाल ने 60 साल पुराने इस रिकार्ड को तोड़कर रचा इतिहास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दुलीप ट्राफी 2022 के फाइनल मैच की दूसरी पारी में वेस्ट जोन के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी



जयसवाल ने अपने यश में और इजाफा कर दिया और अपनी टीम के लिए दोहरा शतक लगाया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक जयसवाल साउथ जोन के खिलाफ दोहरा शतक लगाकर क्रीज पर नाबाद हैं और उनकी टीम को 300 से ज्यादा रन की बढ़त मिल चुकी है। यशस्वी के अलावा श्रेयस अय्यर ने भी टीम के लिए अर्धशतकीय पारी खेली जबकि कप्तान अजिंक्या रहाणे दूसरी पारी में भी रन बनाने में सफल नहीं रहे। यशस्वी जयसवाल ने इतिहास रच दिया और फर्स्ट क्लास फाइनल में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। यशस्वी ने ये कमाल 20 साल 269 दिन की उम्र में किया जबकि उनसे पहले ये रिकार्ड अजीत वाडेकर के नाम पर दर्ज था। अजीत ने मुंबई के लिए साल 1962 में राजस्थान के विरुद्ध 20 साल 354 दिन की उम्र में ये कमाल किया था और अब वो दूसरे नंबर पर आ गए। यशस्वी जयसवाल ने अजीत वाडेकर का 60 साल पुराना रिकार्ड इस मैच में तोड़ दिया। यशस्वी ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 244 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 209 रन बना लिए हैं और इसमें 3 छक्के व 23 चौके शामिल हैं। इस मैच में उन्होंने अपना शतक 119 गेंदों पर पूरा किया था। जयसवाल अपने क्रिकेट करियर का पहला दुलीप ट्राफी खेल रहे हैं और इस सीजन में उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भी दोहरा शतक लगाया था और उसके बाद फाइनल में भी उन्होंने ये कमाल करके दिखाया। यशस्वी ने 235 गेंदों पर अपना दोहरा शतक इस मैच में पूरा किया। यशस्वी जयसवाल की इस पारी के दम पर वेस्ट जोन काफी मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। वेस्ट जोन ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 376 रन बना लिए हैं और इस टीम की कुल बढ़त 319 रन की हो गई है। दूसरी पारी में वेस्ट जोन की तरफ से प्रियांक पांचाल ने 40 रन की पारी खेली जबकि कप्तान रहाणे ने 15 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने टीम के लिए अच्छी पारी खेली और 71 रन का योगदान दिया और सरफराज खान 30 रन बनाकर नाबाद हैं। वहीं इस मैच की बात करें तो वेस्ट जोन ने पहली पारी में 270 रन बनाए थे और इसके जवाब में साउथ जोन ने 327 रन बनाए थे।

# प्लेयर आफ द मैच' बनकर रोहित शर्मा ने तोड़ा शाहिद अफरीदी व मो. हफीज का रिकार्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद से टीम इंडिया ने खेलने के अंदाज में जो बेखौफ अप्रोच अपना



रखा है उसका सबसे बड़ा उदाहरण नागपुर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में देखने को मिला। टीम के कप्तान रोहित शर्मा जिस ब्रांड का क्रिकेट खेलते हुए नजर आए उससे जाहिर हो गया कि आगे भी टीम इंडिया का अप्रोच भी कुछ ऐसा ही रहने वाला है भारतीय टीम को जीत के लिए 8 ओवर में 91 रन बनाने थे और रोहित शर्मा ने मैदान पर आते ही तहलका मचा दिया। उन्होंने दूसरी पारी के पहले ही ओवर में जोस हेजलवुड जैसे गेंदबाज के ओवर में दो छक्के जड़ दिए। भारतीय टीम को इस मैच में जीत मिली इसमें कप्तान रोहित शर्मा की पारी का बड़ा योगदान था। भारतीय टीम ने जीत के लिए मिले लक्ष्य को 7.2 ओवर में यानी 4 गेंदों शेष रहते हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने इस मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 20 गेंदों पर 4 छक्के व 4 चौकों की मदद से 230.00 की स्ट्राइक रेट के साथ नाबाद 46 रन की पारी खेली। रोहित शर्मा को उनकी इस बल्लेबाजी के लिए प्लेयर आफ द मैच का खिताब दिया गया। टी20 इंटरनेशनल मैचों में ये 12वां मौका था जब उन्हें ये खिताब दिया गया। इस खिताब को हासिल करने के बाद उन्होंने शाहिद अफरीदी और मो. हफीज को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने पाकिस्तान के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 11-11 बार ये उपलब्धि हासिल की थी। रोहित शर्मा अब इस मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गए जबकि पहले नंबर पर संयुक्त रूप से विराट कोहली और मो. नबी मौजूद हैं रोहित शर्मा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 37वीं बार मैन आफ द मैच का खिताब जीता और गांगुली की बराबरी कर ली। गांगुली ने भी इतनी ही बार भारत के लिए ये खिताब जीता था और अब रोहित व गांगुली संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर आ गए। भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार ये खिताब सचिन तेंदुलकर ने जीता है जबकि विराट कोहली दूसरे नंबर पर हैं।

# बाबर आजम के नाबाद शतक और रिकार्ड पार्टनरशिप के दम पर पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 10 विकेट से हराया


**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की नाबाद शतकीय पारी और उनकी मो. रिजवान के साथ रिकार्ड ओपनिंग पार्टनरशिप के दम पर मेजबान टीम ने इंग्लैंड को दूसरे टी20 मैच में 10 विकेट से हरा दिया। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान मोइन अली ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में 5 विकेट पर 199 रन बना डाला। पाकिस्तान को जीत के लिए 200 रन का टारगेट मिला था, लेकिन इस टीम ने बिना कोई विकेट खोए 19.3 ओवर में 203 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीत लिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने 7 मैचों की टी20 सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये दूसरा मौका है जब पाकिस्तान ने किसी टीम को 10 विकेट से हराया। इससे पहले पाकिस्तान ने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2021 के लीग मैच में 10 विकेट से हराया था। बाबर आजम और मो. रिजवान ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले विकेट के लिए नाबाद 203 रन की साझेदारी की। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में चेज करते हुए ये पहले विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी साबित हुई। इस मैच में पाकिस्तान को जीत के लिए 200 रन बनाने थे और पाकिस्तान की टीम को ये टारगेट हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में बाबर आजम ने गजब की बल्लेबाजी की और अपनी खराब फार्म से वापसी भी कर ली। पिछले कुछ वक्त से उनकी फार्म को लेकर काफी चर्चा की जा रही थी। बाबर आजम ने इस मैच में 66 गेंदों पर 5 छक्के और 11 चौकों की मदद से नाबाद 110 रन बनाए। वहीं मो. रिजवान ने भी उनका जबरदस्त साथ दिया और 51 गेंदों पर 4 छक्के व 5 चौकों की मदद से नाबाद 88 रन बनाते हुए टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। दूसरे टी20 मैच में इंग्लैंड ने भी काफी अच्छी बल्लेबाजी की और 20 ओवर में पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट पर 199 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से कप्तान मोइन अली ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और 23 गेंदों पर 4 छक्के व 4 चौकों की मदद से नाबाद 55 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के लिए साल्ट ने 30 रन, हेल्स ने 26 रन, डकलेट ने 41 रन, हैरी ब्रूक ने 31 रन की पारी खेली।



# एसएस राजामौली ने 'सीएए' को किया साइन बॉलीवुड के बाद अब हॉलीवुड में मचाएंगे धमाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राम चरण और जूनियर एनटीआर अभिनीत फिल्म आरआरआर को दुनिया भर में मिली शानदार सफलता के बाद अब निर्देशन एसएस राजामौली का वर्चस्व दुनिया



भर में कायम होता दिख रहा है। अब जानकारी आ रही है कि राजामौली ने यूएस क्रिएटिव आर्टिस्ट एजेंसी (सीएए) को साइन कर लिया है, जो कि इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के लिए लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। समाचार वेबसाइट डेडलाइन की एक रिपोर्ट के अनुसार, एस एस राजामौली को यूएस की क्रिएटिव आर्टिस्ट एजेंसी यानी सीएए ने साइन किया है। रिपोर्ट में दावा करते हुए बताया, जूनियर एनटीआर और राम चरण अभिनीत राजामौली की फिल्म आरआरआर के पश्चिम में शानदार सफलता से प्रभावित हैं और इसी के बावजूद उन्हें साइन किया है। बता दें, सीएएस दुनिया भर के फिल्म निर्देशक और अभिनेताओं का एक संघ है। जो दुनिया भर के निर्देशकों, अभिनेताओं और तकनीशियनों को उनकी फिल्मों को बढ़ावा देने का काम करता है। बताया जाता है कि यूएस की ये एजेंसी निर्माताओं और निर्देशकों को ब्रांड करने में भी मदद करती है। ये बॉलीवुड स्टार्स भी कर चुके हैं साइन एसएस राजामौली से पहले भारतीय सिनेमा को कई स्टार्स सीएए को साइन कर चुके हैं, जो हॉलीवुड में भारतीय सिनेमा स्टार्स की उपस्थिति को और मजबूत बना रही हैं। इस लिस्ट में दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा, अनिल कपूर, दिवंगत अभिनेता इरफान खान जैसे कलाकार शामिल हैं, जो हॉलीवुड की फिल्मों में अपनी उपस्थिति से फैंस का दिल जीत चुके हैं।आपको बात दें कि राजामौली के निर्देशन में बनी इस मेगा बजट फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए थे। इस फिल्म की कहानी दक्षिण भारत के दो स्वतंत्रता सेनानी कोमाराम भीम और अल्लूरी सीताराम राजू से प्रेरित है। जो ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाते हैं। आरआरआर में राम चरण, जूनियर एनटीआर के साथ-साथ आलिया भट्ट और अजय देवगन ने भी कैमियो किया है। दोनों के किरदार छोटे होने के साथ-साथ बेहद प्रभावी हैं।

# 'सोनपरी' की 'सोना आंटी' का 18 सालों बाद बदल चुका है पूरा लुक, इस वजह से करियर के पीक पर छोड़ दी थी एक्टिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**साल 2000 में शुरू हुआ स्टार प्लस का सिटकॉम शो सोनपरी टीवी का बेहद पॉपुलर शो रहा था। सोनपरी का हर एक किरदार बच्चों के बीच खूब लोकप्रिय हुआ। शो के लीड कैरेक्टर फ्रूटी और उसकी जादूगर आंटी सोनपरी थे। दोनों की बॉन्डिंग और प्यार भरी दोस्ती दर्शकों को काफी पसंद आई थी। लगभग चार सालों तक टीवी पर अच्छा चलने के बाद सोनपरी साल 2004 में बंद हो गया, लेकिन क्या आप जानते सालों बाद अब शो की सोनपरी क्या कर रही हैं और अब वो कैसी दिखती हैं। आइए हम आपको बताते हैं उनके बारे में शो में सोनपरी का किरदार एक्ट्रेस मृणाल कुलकर्णी ने निभाया था। मृणाल मराठी फिल्म इंडस्ट्री की एक जानी-मानी अभिनेत्री हैं, लेकिन सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी उन्हें सोनपरी ने दिलाई। 21 जून 1968 को जन्मी मृणाल ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 16 की उम्र में की



थी। मृणाल कुलकर्णी भले ही सक्सेसफुल एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार हो, लेकिन वह कभी भी हीरोइन नहीं बनना चाहती थीं। मास्टर्स की पढ़ाई पूर करने के बाद वह वह फिलॉस्फर बनना चाहती थीं, लेकिन उस वक्त उन्हें एक्टिंग के ऑफर मिलने लगे और इस तरह वह एक्टिंग की दुनिया में आ गईं। सोनपरी के अलावा मृणाल ने कई मराठी और हिंदी सीरियल में भी काम किया है। इनमें स्वामी, श्रीकांत, द ग्रेट मराठा, हसरतें, द्रौपदी, मीराबाई, टीचर, खेल और स्पर्श जैसे टीवी शो शामिल हैं। इसके अलावा वह आशिक, ए रेनी डे और कुछ मीठा हो जाए जैसी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। मृणाल कुलकर्णी ने अपने करियर के पीक पर होते हुए भी एक्टिंग छोड़ दी और 1990 में अपने बचपन के दोस्त रुचिर कुलकर्णी संग शादी कर ली। उनका एक बेटा भी है विराजस, जो मराठी एक्टर है। सीरियल और फिल्मों में काम करने के बाद मृणाल ने एक्टिंग छोड़ दी और अब वह मराठी फिल्मों का निर्देशन करती हैं।

# नेहा कक्कड़ के 'मैंने पायल है छनकाई' रीमिक्स पर फाल्गुनी पाठक को आया गुस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सिंगर नेहा कक्कड़ सोशल मीडिया पर अक्सर किसी न किसी वजह से ट्रोल होती रहती हैं। कभी अपने लुक्स को लेकर तो कभी रियलिटी शोज में अपनी ओवर एक्टिंग के लिए वह अब तक कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी हैं। अब नेहा को अपने एक रीमिक्स सॉन्ग के लिए



खरी-खोटी सुननी पड़ रही है, लेकिन इस बार मामला गंभीर होता हुआ दिख रहा है क्योंकि एक बड़ी सिंगर भी इसमें कूद पड़ी हैं। दरअसल, नेहा कक्कड़ ने हाल ही में अपना नया म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया है, जो 90 के दशक के आइकोनिक सॉन्ग 'मैंने पायल है छनकाई' का रीमिक्स है। इस नए गाने का नाम 'ओ सजना' है, जिसे टी-सीरीज ने बनाया है।कास्ट की बात करें तो नेहा कक्कड़ ने गाने के अलावा वीडियो में एक्टिंग भी की है। उनके साथ बिग बॉस फेम प्रियांक शर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पतनी धनश्री शर्मा भी गाने में शामिल हैं। गाने के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस गाने की ओरिजनल सिंगर फाल्गुनी पाठक के सपोर्ट में उतर आए हैं। फैंस ने पुराने अच्छे गानों को बर्बाद करने के लिए टी-सीरीज और नेहा दोनों को लताड़ लगाई। गाने पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने कहा, 'टीसीरीज पूरी सावधानी से 90 के दशक के सभी अच्छे गानों को चुनकर उनसे नेहा की आवाज में घटिया से घटिया रीमिक्स बनाने की कोशिश कर रहा है। एक अन्य यूजर ने कहा,' कृपया कोई इस ऑटो-ट्यूट सिंगर और उसके रीमिक्स को बैन करो।' एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'हमारे बचपन की यादों को इस तरह बर्बाद किया जा रहा है। नेहा कक्कड़ के इस गाने पर फैंस के अलावा ओरिजनल सिंगर फाल्गुनी पाठक को भी गुस्सा आ गया। उन्होंने अपनी इंस्टा में कई फैंस के रिएक्शन को शेयर किया है। सिंगर ने इस पूरे मामले में पिंकविला को भी एक इंटरव्यू दिया। जहां लीगल एक्शन लेने की बात पर फाल्गुनी ने कहा कि काश वो ऐसा कर पातीं, लेकिन वो ऐसा नहीं कर सकती हैं क्योंकि इस गाने के अधिकार उनके पास नहीं हैं।

# जब 'भाग मिल्खा भाग' की इस एक्ट्रेस संग रेड लाइट एरिया में हुआ था कुछ ऐसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दिव्या दत्ता आज अपना 45वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। दिव्या का जन्म 25 सितंबर, 1977 में पंजाब के



लुधियाना में हुआ था। दिव्या ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उन्हें फिल्मों में सपोर्टिंग रोल से लेकर कई लीड रोल में अपनी बेहतरीन अदाकारी का परिचय दिया है। यही नहीं दिव्या को फिल्म 'इरादा' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है। इसके साथ ही फिल्म भाग मिल्खा भाग में उनकी एक्टिंग को काफी सराहा गया। एक बार दिव्या को रेड लाइट एरिया में प्रोस्टीट्यूट उन्हें मारने दौड़ी थी। ऐसा क्यों और कैसे हुआ आइए जानते हैं साल 2005 में, दिव्या दत्ता एम्सटर्डम आईफा अवॉर्ड्स के लिए गई थीं। इस दौरान उनकी मां भी उनके साथ ही थीं। उस वक्त वो शहर में घूम रही थीं कि तभी गलती से वो और उनकी मां फेमस रेड लाइट एरिया भी चली गईं। यही नहीं दिव्या ने वहां पर फोटोग्राफी शुरू कर दी, जबकि ऐसा करना वहां पर मना था। इसके बाद वहां पर काम करने वाले प्रोस्टीट्यूट उनके पीछे दौड़ी, तो उन्हें और उनकी मां को वहां से भागना पड़ा।दिव्या दत्ता के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 1994 से अपना करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने हिंदी और पंजाबी फिल्मों के साथ टीवी, विज्ञापन जगत में भी काम किया।

# आमिर खान को कॉपी करने के चक्कर में हॉस्पिटल पहुंच चुके हैं पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के सुपरस्टार और जवां दिलों की धड़कन फवाद खान ने अपनी आने वाली फिल्म द



लीजेंड ऑफ मौला जट्ट के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी थी। खान ने माना कि उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए कुछ ऐसा किया जिसे उनकी हेल्थ पर काफी खराब असर पड़ा हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार फवाद का वजन 73-75 किलो था और उन्होंने इस किरदार के लिए 100 किलो तक बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। अचानक 20 से 25 किलो वजन बढ़ाने से फवाद की हालत इतनी खराब हो गई कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। समथिंग हाउते से बात करते हुए फवाद ने कहा कि ऐसा बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन उनके लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं रहा। वो फिर कभी ये ट्राई नहीं करेंगे। उन्होंने अपने फैंस को भी चेताया कि 'आप भी अगर इस तरह के किसी बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के बारे में सोच रहे हैं तो पहले इसके नुकसान के बारे में जान लीजिए। मैं तो 10 दिनों में ही हॉस्पिटल पहुंच गया था, मेरी किडनी तक पर असर पड़ा'। फवाद ने आगे खुलासा किया कि शरीर में किसी भी तरह के बदलाव के लिए 6 महीने लगते हैं। पर मैंने कोशिश की कि मुझे 1 महीने में ही रिजल्ट मिल जाए। मैंने आमिर खान को कॉपी करने की कोशिश की लेकिन हॉस्पिटल पहुंच गया। क्योंकि मेरे पास 6 महीने का समय नहीं था मुझे जो करना था जल्दी करना था। बता दें साल 2016 की फिल्म दंगल के लिए आमिर खान ने पहले अपना वजन बढ़ाया था और फिर बाकी की फिल्म कम वजन के साथ शूट की थी। फवाद खान ने कहा कि वो किसी भी एक्टर को इस तरह का काम करने के लिए नहीं कहेंगे। उन्होंने कहा कि- अगर मेरे पास 6 महीने होते, तो वो शायद मौला जट्ट बहुत अलग दिखते। द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट में फवाद के साथ माहिरा खान भी नजर आने वाली हैं और यह फिल्म 13 अक्टूबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# गब्बर' और 'मोगेम्बो' बन कंटेस्टेंट की मुश्किलें बढाएंगे 'बिग बॉस'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे चर्चित और कॉन्ट्रोवशिय्ल रियलिटी शो बिग बॉस का 16वां सीजन जल्द ही स्ट्रीम होने वाला है। अब शनिवार को शो का धमाकेदार प्रोमो सामने आया है, जिसमें सलमान खान का लुक और हैं सो जा बेटा वर्ना बिग बॉस आ जाएगा। बिग बॉस 16वां सीजन गेम बदलेगा क्योंकि बिग बॉस इस बार खुद खेलेंगे। वहीं, सलमान खान शो का एक और प्रोमो शेयर किया है। इस प्रोमो में वो मिस्टर इंडिया के विलेन मोगैम्बो के रूप में एक कुर्सी पर बैठे यानी सलमान खान खुद गेम का पार्ट होने वाले हैं। बिग बॉस सीजन 16, एक अक्टूबर, 2022 को रात 8 बजे से दर्शको कलर्स टीवी पर स्ट्रीम होगी। बिग बॉस सीजन 16 में शिविन नारंग, शालीन भनोट, टीना दत्ता और मिस इंडिया 2020 रनर अप मान्या सिंह



डायलॉग्स सभी का दिल जीत रहे हैं। बिग बॉस के इस नए प्रोमो को देखने से मालूम होता है कि बिग बॉस इस बार शो में खुद कंटेस्टेंट के साथ से गेम खेलते हुए दिखाई देंगे। प्रोमो में दंबग अभिनेता को शोले के खलनायक गब्बर सिंह के रूप में दिखाई दे रहे हैं, जो अपने हाथों में एक बेल्ट के साथ पहाड़ पर चढ़ते हुए कहते हैं, 50-50 कोस दूर जब बच्चा रात को रोता है तो मां कहती हुए दिख रहे हैं। इस प्रोमो में सलमान खान कहते हैं, मोगैम्बो अब कभी खुश नहीं होगा, क्योंकि अब बिग बॉस से अब को डर लगेगा। बिग बॉस सीजन 16 गेम बदलेगा, क्योंकि अब बिग बॉस खुद खेलेगा। बिग बॉस में इस बार भी हर बार की तरह कंटेस्टेंट्स की मस्ती, प्यार और झगड़ा देखने को मिलेगा। लेकिन सीजन 16 हर बार की तरह बेहद दिलचस्प होने वाला है, क्योंकि सीजन में बिग बॉस का नाम शामिल है। इनके अलावा बिग बॉस मराठी में नजर आ चुके शिव ठाकरे और 'कुंडली भाग्य' फेम संजय गगनानी का नाम लगभग तैय माना जा रहा है। बिग बॉस 16 के लिए स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी, दुनिया के सबसे छोटे सिंगर अब्दू रोजिक, पूनम पांडे, जेनिफर विंगेट, दिव्यांका त्रिपाठी, नुसरत जहां समेत कई सेलिब्रिटीज को भी अप्रोच किया गया है।

# गौरी खान ने बेटे आर्यन खान को दी डेटिंग एडवाइस



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान और गौरी खान बॉलीवुड के सबसे चर्चित सेलिब्रिटीज में शुमार हैं। सोशल मीडिया से लेकर पर्सनल लाइफ तक फैंस उनकी हर एक्टिविटी पर नजर बनाए रखते हैं। गौरी इन दिनों सेलिब्रिटी चैट शो कॉफी विद करण को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। गौरी खान पूरे 17 साल बाद इस शो का एक बार फिर हिस्सा बनीं और अपने परिवार को लेकर कई मजेदार किस्से शेयर किए। शाह रुख और गौरी की तरह ही उनके बच्चे आर्यन खान, सुहाना खान और अबराम खान भी पॉपुलर स्टार किड्स हैं। हाल ही में गौरी ने सुहाना को डेटिंग एडवाइस दी थी, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। अब बेटे आर्यन खान को भी उन्होंने अनोखी डेटिंग सलाह दी है, जिसके चर्चे लगभग हर मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखने को मिल रहा है। शो में करण जौहर ने सुहाना के बाद आर्यन को डेटिंग एडावइस देने के लिए कहा। इस पर गौरी ने कहा, तुम चाहे जितनी लड़कियों को डेट करो, लेकिन सिर्फ तब तक के लिए जब तक तुम शादी करने का फैसला नहीं कर लेते। एक बार शादी कर ली तो सब पर फुलस्टॉप। करण जौहर ने गौरी खान से आगे पूछा कि उनके घर में फैशन पुलिस कौन है। इस सवाल पर मिसेज खान ने बेटे आर्यन का नाम लिया। उन्होंने बताया कि आर्यन को शर्ट पहनना बिल्कुल भी पसंद नहीं हैं, वह सिर्फ टी-शर्ट कैरी करते हैं। मेरी तरह ही उनको भी कई चीजें नापसंद हैं। इस पर करण ने कहा कि वह आर्यन से फैशन के मामले में एडवाइस ले सकते हैं। बता दें कि कॉफी विद करण के हालिया एपिसोड में गौरी खान के साथ-साथ संजय कपूर की वाइफ महीप कपूर और चंकी पांडे की पतनी भावना पांडे ने भी शिरकत की थी।

# अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर शेयर की अपनी खराब फोटोज आखिर क्यों पोस्ट की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** चार साल के बाद एक बार फिर से अनुष्का शर्मा बिग स्क्रीन पर अपने फैंस का मनोरंजन करने के लिए लौट रही हैं। वह इन दिनों अपनी फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' को लेकर खूब सुखिर्यां बटोर रही हैं। इस फिल्म में अनुष्का महिला क्रिकेटर 'झूलन गोस्वामी' का किरदार निभाते हुए नजर आएंगी। शूटिंग सेट से रहा है। अनुष्का शर्मा ने अपनी इन सभी तस्वीरों को शेयर करते हुए बेहद खराब बताया है। एक्ट्रेस ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, 'एक भी फोटो अच्छी नहीं लगी मुझे। तो मैंने सोचा हमेशा अच्छी फोटो डालनी है ये किसने कहा? तो ये है मेरी ओके ओके टाइप फोटोज जो मैं ना डालती, लेकिन अपनी कीमती सांस इनको खीचने में यूज



अनुष्का ने हाल ही में कई तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह बहुत ही खराब लग रहीं हैं और ऐसा हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि खुद अनुष्का शर्मा का मानना है। अनुष्का शर्मा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फोटोज की एक पूरी सीरीज शेयर की है। इन फोटोज में एक्ट्रेस ने ब्राउन रंग की हुडी के साथ ब्लैक लोवर और शूज पहनी हुई है। जिसके साथ उन्होंने ब्लैक लेदर शूज और आंखों पर गॉगल्स लगाए हुए हैं। तस्वीरों में अनुष्का शर्मा अपनी वैनिटी वैन के बाहर खड़ीं हुई हैं और उनके चेहरे पर सन लाइट पड़ रही है। वैसे तो अनुष्का शर्मा इन सभी फोटोज में नो-मेकअप लुक में बेहद अलग और प्यारी लग रही हैं, लेकिन उन्हें अपना ये लुक बिल्कुल भी पसंद नहीं आ करी है तो पोस्ट करना तो बनता है। चलो ओके बाय'। अनुष्का शर्मा की इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मुझे पता है पिक्चर खराब है, लेकिन ये हुडी बहुत ही अच्छी है'। अनुष्का शर्मा साल 2018 में फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ शाह रुख खान मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप रही थी। इस फिल्म के बाद अनुष्का शर्मा ने फिल्मों से कुछ समय का ब्रेक लिया और अब वह फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' के साथ फिर से लौट रही हैं। उनकी इस फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट तो अब तक नहीं हुई है, लेकिन ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# कॉन्स्टेंस वू का सनसनिखेज खुलासा कहा- 'फ्रेश ऑफ द बोट' के सेट पर लगातार किया गया मेरा यौन उत्पीड़न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रेजी रिच एशियाइयों की स्टार कॉन्स्टेंस वू ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि एबीसी कॉमेडी 'फ्रेश ऑफ द बोट' में काम करने के दौरान एक निर्माता ने उनका यौन उत्पीड़न किया हैरेसमेंट को 'ना' कहने की हिम्मत रखती हूं। इसके आगे उन्होंने कहा कि मैंने इतने दिनों तक यह सब सहा, मैं चुप थी, मैंने किसी को पता नहीं चलने दिया क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि शो की प्रतिष्ठा पर कोई आंच आए। मैं उन एशियाई अमेरिकी



था। साथ ही उन्हें धमकी भी दी थी। द हॉलीवुड रिपोर्टर के मुताबिक, वू ने इस घटना का खुलासा वाशिंगटन डीसी में अटलांटिक फेस्टिवल के स्टेज पर किया। उन्होंने कहा- मैंने शो के पहले दो सीजन में हुए हद से ज्यादा यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने के बारे में काफी दिनों तक चुप्पी साध रखी थी। क्योंकि पहले दोनों सीजन सफल रहे, अब मुझे किसी का डर नहीं हैं। अब मैं उत्पीड़न के खिलाफ खड़ी हो सकती हैं और निर्माताओं की भी इमेज खराब नहीं करना चाहती थी। वू, जो हाल ही में अमेजन की द टर्मिनल लिस्ट में क्रिस प्रैट के साथ नजर आई, वो जल्द ही साइमन एंड शूस्टर की मेकिंग ए सीन' में दिखाई देंगी। यह 4 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। उन्होंने कहा कि शो के मेकर्स ने उन्हें कहा कि वो दुनिया को बताएं कि उनके साथ उस सिटकॉम में क्या हुआ। हालांकि वू का कहना है कि वो घबरा रही थीं कि लोग इसे किस तरह से लेंगे। वू ने आगे कहा- आखिरकार मुझे एहसास हुआ कि इस बारे में बात करना जरूरी है। वह शो एशियाई अमेरिकियों के लिए ऐतिहासिक था। टेलीविजन पर यह 20 से अधिक सालों से चल रहा एशियाई अमेरिकियों को दिखाने वाला एक मात्र शो था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
**श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.**
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।**